www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 189 || अम्बेडकरनगर
गुरुवार
01 अक्टूबर 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
दैनिक
तमसा संकेत
https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 05:58
सूर्यास्तः 05:52
अधिकतमः 33°00
न्यूनतमः 23°00



पेज 07

विशेष समाचार
भारत की नज़र संयुक्त राष्ट्र... >> पेज 04
एशियन गेम्स का गोल्ड ... >> पेज 06
उर्वशी रौतेला ने एआई कंपनी से ...

केंद्र सरकार ने रबी फसलों पर एमएसपी बढ़ाई

गेहूं में ₹25 की बढ़ोतरी, ₹1.86 लाख करोड़ के ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर को भी मंजूरी

फैसला

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। कैबिनेट ने बुधवार को साल 2027-28 के लिए सभी छह रबी फसलों का MSP बढ़ाने को मंजूरी दी। गेहूं के MSP में 25 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हुई। फैसले की जानकारी केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट ब्रीफिंग में दी। कुसुम का MSP सबसे ज्यादा 675 रुपए बढ़ा। इसके बाद सरसों-राई में 413 रुपए और मसूर में 390 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हुई। वहीं, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर फेज-III योजना को भी मंजूरी दी।

>> (शेष पेज 06 पर)



फैसले की जानकारी केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट ब्रीफिंग में दी।

किसी फसल पर कितनी एमएसपी बढ़ी



कैबिनेट बैठक में अन्य बड़े फैसले

- **दिल्ली के लिए स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम:** कैबिनेट ने दिल्ली के ट्रैफिक को बेहतर बनाने के लिए 1,790 करोड़ रुपए के इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (ITMS) को मंजूरी दी है।
- **EPFO की वेतन सीमा में बढ़ोतरी:** कैबिनेट ने कर्मचारियों के लिए EPFO के तहत पीएफ कटने की अनिवार्य वेतन सीमा को 15,000 रुपए से बढ़ाकर 25,000 रुपए प्रति माह कर दिया है।
- **किसानों को सस्ती खाद पर सब्सिडी:** खेती के लिए सस्ते दाम पर खाद उपलब्ध कराने के लिए कैबिनेट ने उर्वरकों (P&K) पर 41,533 करोड़ रुपये की सब्सिडी मंजूर की है।



कैसे काम करेगा स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम ?

- **ट्रैफिक देखकर बदलेगी बत्ती:** सिग्नल का समय पहले से तय नहीं होगा; जिस तरफ ज्यादा गाड़ियां होंगी, वहां की बत्ती खुद हरी हो जाएगी।
- **स्मार्ट कैमरों की नजर:** सड़कों पर लगे AI कैमरे और सेंसर गाड़ियों की संख्या और उनकी स्पीड पर लगातार नजर रखेंगे।
- **नंबर प्लेट की तुरंत पहचान:** नियम तोड़ते ही कैमरे गाड़ी का नंबर खुद स्कैन कर लेंगे।

संतों ने हिंदू समाज की एकता बनाए रखा : योगी

जनता दर्शन में 150 लोगों की समस्याएं सुनीं

निर्देश

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। CM योगी गोरखपुर में तीसरे दिन बुधवार को महंत अवेद्यनाथ की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। योगी ने कहा- संतों ने हिंदू समाज की एकता को बनाए रखा है। उन्होंने कहा- महंत दिग्विजयनाथ जहां हिन्दू समाज की एकता के प्रचंड हिंदुत्व के वेग को आगे बढ़ाने के पक्षधर थे। वहीं महंत अवैद्यनाथ जी महाराज उस प्रचंड वेग को आगे बढ़ाने के लिए बिखरी हुई हिंदू ताकत को फिर से एकजुट करने के लिए सामाजिक समता रूपी माहौल को एकजुट करने के लिए अहर्निश प्रयास किए। इससे पहले गोरखनाथ मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की और गाय को गुड़ और रोटी खिलाई। फिर गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में सीएम ने 150 लोगों की समस्याएं सुनीं और समाधान के प्रति आश्वस्त किया। उन्होंने लोगों से कहा- चिंता मत करिए, सरकार हर व्यक्ति की समस्या का समाधान कराएगी। सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पूरी तत्परता और संवेदनशीलता से यह सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सबको न्याय मिले।

>> (शेष पेज 06 पर)




एसआईआर में नाम कटे तो दोबारा जुड़वाना आसान

फॉर्म-6 से 2003 वाला सवाल हटाया, माता-पिता का रिकॉर्ड नहीं खोजना होगा

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने SIR पूरा हो चुके राज्यों में फॉर्म-6 में बड़ा बदलाव किया है। अब SIR में नाम कटने के बाद दोबारा नाम जुड़वाने के लिए 2003 की वोटर लिस्ट की जानकारी नहीं देनी होगी। आवेदक को यह बताने की जरूरत नहीं होगी कि उसका, माता-पिता या दादा-दादी का नाम उस लिस्ट में था या नहीं। फॉर्म-6 से इससे जुड़ा अतिरिक्त घोषणा-पत्र हटा दिया गया है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि नाम बिना जांच के जुड़ जाएगा। वोटर बनने की पात्रता की जांच पहले की तरह होगी। फॉर्म-6 की सामान्य प्रक्रिया भी जारी रहेगी। यह बदलाव फिलहाल सिर्फ उन राज्यों में लागू है, जहां SIR पूरा हो चुका है। द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, दो चुनाव आयुक्तों विवेक जोशी और सुखबीर सिंह संधू ने इस पर आपत्ति जताई थी। फॉर्म 6 का इस्तेमाल वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए होता है। SIR के पहले और दूसरे फेज में 10 राज्य और 3 केंद्र शासित प्रदेश कवर हो चुके हैं। असम में स्पेशल रिवीजन (SR) हुआ। यहां भी भाजपा सरकार की वापसी हुई। चुनाव आयोग ने 14 मई को हरियाणा, झारखंड, उत्तराखंड, दिल्ली और महाराष्ट्र समेत 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में स्पेशल इंटेसिव रिवीजन (SIR) की घोषणा की थी। यह SIR का तीसरा फेज है।



₹3000 करोड़ की ड्रग्स के साथ 5 पाकिस्तानी गिरफ्तार

मुंबई। ईरानी नाव में 3,000 करोड़ की ड्रग्स के साथ 5 पाकिस्तानी नागरिकों को कोस्ट गार्ड और गुजरात ATS ने गिरफ्तार किया है। पांचों आरोपी 526 किलो मेथामफेटामाइन और हेरोइन को समुद्री रास्ते से मुंबई ले जा रहे थे। सिक्योरिटी फोर्सेस ने यह कार्रवाई लक्षद्वीप के पास 25 सितंबर को की थी। हालांकि, इसकी जानकारी बुधवार को सामने आई। इससे पहले अप्रैल 2025 में भी गुजरात तट के पास ATS और भारतीय तटरक्षक बल ने करीब 311 किलो मेथामफेटामाइन जब्त की थी, जिसकी कीमत 1,800 करोड़ बताई गई। यह खेप पाकिस्तान के पसनी पोर्ट से तमिलनाडु ले जाना था। सुरक्षाबलों को देखकर तस्करों ने ड्रग्स समुद्र में फेंक दी और पाकिस्तान की समुद्री सीमा की ओर भाग गए।

एक साल पहले भी वोट चोरी के आरोप पर मार्च निकाला था, खड़गे बोले- ईसी कठपुतली बना

19 विपक्षी दल 6 अक्टूबर को चुनाव आयोग घेरेंगे

रैली

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस समेत 19 विपक्षी पार्टियां 2 से 8 अक्टूबर तक देशभर में मार्च निकालेंगी। 6 अक्टूबर को चुनाव आयोग का घेराव किया जाएगा। यह फैसला बुधवार को दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में INDIA ब्लॉक बैठक में लिया गया। बैठक के बाद खड़गे ने आरोप लगाया कि मोदी- शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयोग को कठपुतली बना दिया है। भाजपा चुनाव आयोग के साथ वोट चोरी कर रही है।

इससे पहले 11 अगस्त 2025 को INDIA गठबंधन के सांसदों ने संसद भवन से चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला था। इसमें राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, शरद पवार समेत 25 विपक्षी दल शामिल हुए थे।

विपक्ष का आरोप था कि चुनावी प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी और वोट चोरी हो रही है।

खड़गे ने बताया कि बैठक 3 घंटे चली। 20 दल शामिल हुए। चुनाव आयोग कठपुतली की तरह काम कर रहा है।

इसके खिलाफ 20 विपक्षी दल मिलकर छह अक्टूबर से हर जिले में 'लोकतंत्र बचाओ मार्च' करेंगे। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, मोदी-शाह चुनाव आयोग को कठपुतली की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। ये चोरी करवा रहे हैं और चोरी करके इलेक्शन जीत रहे हैं। जहां भी हमारे नेता न्यायपूर्ण लड़ाई लड़ रहे हैं, लोकतंत्र और युवाओं के लिए, ये उन्हें भी तंग कर रहे हैं।



> ममता बनर्जी ने कहा, बीजेपी ने वोट चोरी करके बंगाल में लूट की, एमपी, हरियाणा, बिहार छत्तीसगढ़ में जीते। ज्ञानेश कुमार चोर-डाकू है। वोट चोरी किया, ईवीएम मशीन जला दी। ईवीएम मशीन हैक कीं। ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना चाहिए।



खड़गे ने बताया- इंडिया ब्लॉक वोट चोरी के खिलाफ क्या करेगा

खड़गे ने कहा कि वोट चोरी के खिलाफ आम लोग, युवा, INDIA गठबंधन, NGO और एकता और लोकतंत्र के लिए काम करने वाले संगठनों को जुटाया जाएगा।

2-8 अक्टूबरः जिला स्तर पर 'लोकतंत्र बचाओ मार्च' और DM ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किए जाएंगे।

6 अक्टूबरः सभी विपक्षी सांसद चुनाव आयोग तक 'सेव डेमोक्रेसी' मार्च निकालेंगे। इसे आज ही करना चाहते थे, लेकिन सभी को 6 तारीख को बुलाने का फैसला किया गया है।

अक्टूबर का दूसरा हफ्ताः विपक्षी नेता भारत के राष्ट्रपति से मुलाकात का समय (अपॉइंटमेंट) मांगेंगे।

विपक्ष की 5 बड़ी रैलियां आयोजित की जाएंगी।

करीब 3 घंटे चली बैठक में 3 बातों पर सहमति बनी

1. सीईसी ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए संसद में प्रस्ताव लाया जाए।
2. वोटर लिस्ट से हटाए गए नामों को सार्वजनिक किया जाए। नाम हटाने से पहले वोटर को नोटिस और अपील का मौका मिले।
3. ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाएं।

राहुल बोले- हम एक गठबंधन

- **राहुल गांधी:** BJP, अमित शाह, पीएम मोदी और ज्ञानेश कुमार लोकतंत्र पर हमला कर रहे हैं। हम एक गठबंधन हैं और देश में बड़ा बदलाव लाएंगे।
- **ममता बनर्जी:** बीजेपी ने वोट चोरी करके बंगाल में लूट की, एमपी, हरियाणा, बिहार, छत्तीसगढ़ में जीते। ज्ञानेश कुमार चोर-डाकू हैं।
- **तेजस्वी यादवः** फॉर्म 6 में बदलाव विपक्ष के दबाव में हुआ है। यह हमारी पहली जीत है।
- **संजय राउतः** मुंबई में ज्ञानेश कुमार के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन चल रहा है। हम उसकी तैयारियों में व्यस्त हैं।

राहुल गांधी ने कहा- भाजपा ने लोकतंत्र पर कब्जा कर लिया

राहुल गांधी ने कहा, 'हमारी बातचीत बहुत अच्छी रही। BJP, अमित शाह, पीएम मोदी और ज्ञानेश कुमार लोकतंत्र पर हमला कर रहे हैं। BJP, पीएम मोदी, अमित शाह और ज्ञानेश कुमार ने लोकतंत्र पर कब्जा कर लिया है। हम इसे चुपचाप बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम यह पक्का करेंगे कि लोकतंत्र को बर्बाद करने वालों को सजा मिले।

भारतीय लोकतंत्र किसी एक व्यक्ति से बड़ा है। हम एक गठबंधन हैं और देश में बड़े बदलाव लाएंगे।

फास्ट न्यूज

बृजभूषण सिंह से मेरे बहुत अच्छे संबंध : अखिलेश

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग को लेकर उन्होंने दावा किया- 'बीजेपी के कई विधायक हमारे संपर्क में हैं। लेकिन सवाल ये है कि हम उन सबको एडजस्ट कैसे करेंगे? हम किसी से झूठा वादा करके वादाखिलाफी नहीं करना चाहते।'

जम्मू-कश्मीर में लश्कर कमांडर हाशिम मूसा ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बडगाम में सुरक्षाबलों ने मंगलवार देर रात लश्कर-ए-तैयबा के एक टॉप कमांडर हाशिम मूसा को मार गिराया।

मुठभेड़ यूसमर्ग के कोराग इलाके में हुई।

सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और CRPF को यहां आतंकियों की मौजूदगी का इनपुट मिला था, जिसके बाद जॉइंट सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

तलाशी के दौरान आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी थी। सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक मारे गए आतंकी की पहचान मूसा के तौर पर हुई है।

महिला ने पिता का शव 4 साल फ्रीजर में रखा

मलाड। मुंबई के मलाड ईस्ट में एक महिला ने अपने 80 वर्षीय पिता की मौत के बाद करीब 4 साल तक उनका शव फ्रीजर में सुरक्षित रखा। पुलिस के मुताबिक, महिला पिता से भावनात्मक रूप से जुड़ी थी, इसलिए उनका अंतिम संस्कार नहीं किया। शव को सुरक्षित रखने में परिवार ने 50 लाख से ज्यादा खर्च किए। जून 2022 में मौत के बाद शव को मलाड के एक डे-केयर सेंटर में रखवाया गया था।

बंगाल : कांग्रेस कैंडिडेट को मिली जमानत पर सरकार कोर्ट पहुंची

सुप्रीम कोर्ट बोला- आपकी याचिका खारिज होगी, लेकिन हम ऐसा सोमवार को करेंगे

कार्यवाई

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम विधानसभा सीट के उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान को मिली अंतरिम जमानत के खिलाफ बंगाल की भाजपा सरकार बुधवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंची। सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट से कहा कि मिलन प्रधान हत्या के केस में गिरफ्तार किए गए हैं। उन्हें चुनाव लड़ने के नाम पर हाईकोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी। इसलिए इस मामले पर जल्द सुनवाई होनी चाहिए। इस पर टिप्पणी करते हुए चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- कल कई मामले सुनवाई के लिए पहले से लगे हैं। हम आपको आश्वस्त कर सकते हैं कि आपकी याचिका खारिज होगी, लेकिन हम यह कल नहीं सोमवार यानी 5 अक्टूबर को ऐसा करेंगे। प्रधान को 2007 में दर्ज छह आपराधिक मामलों में अंतरिम जमानत मिली है। इनमें हत्या, हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट के उल्लंघन के आरोप शामिल हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 29 सितंबर को उन्हें 20 अक्टूबर तक अंतरिम जमानत दी थी। इससे वे 6 अक्टूबर को होने वाले नंदीग्राम उपचुनाव के लिए प्रचार कर सकेंगे। हाईकोर्ट ने मिलन प्रधान को 21 अक्टूबर को ट्रायल कोर्ट के सामने सरेंडर करने का निर्देश दिया है।

>> (शेष पेज 06 पर)



> सुभेंदु अधिकारी ने भवानीपुर और नंदीग्राम सीटों पर जीत दर्ज की थी। उन्होंने भवानीपुर सीट पर ममता बनर्जी को हराया है।

सुनवाई : लेकिन 24 घंटे आतिशबाजी की परमिशन भी नहीं, सरकार समय तय करे

पटाखों पर पूरी तरह बैन नहीं : सुप्रीम कोर्ट

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार पटाखों पर बैन हटाने की याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने कहा- पूरे देश में पटाखों पर बैन लगाना मुमकिन नहीं है। पूरी पाबंदी से लोगों की भावनाएं आहत होंगी। लेकिन, 24 घंटे आतिशबाजी की इजाजत भी नहीं दी जा सकती। पटाखे चलाने के लिए समय तय करना होगा, जिससे कि त्योहार भी मनाया जा सके और लोगों को परेशानी भी न हो। जस्टिस एमएम सुंदरैश और पीबी वराले की बेंच ने कहा कि धार्मिक भावनाओं, स्वास्थ्य और पर्यावरण से जुड़ी चिंताओं के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है। बेंच ने केंद्र सरकार और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को पटाखों के बेरियम की जांच, डेसिबल लेवल तय करने और फायर टेस्ट के लिए समय भी दिया। इस मामले की अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को होगी। सुनवाई के दौरान एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने एक नोट पेश किया। इसमें कुछ खास 'नेक्स्ट-जेनरेशन जॉइंट ग्रीन क्रैकर्स' को सीमित और शर्तों के साथ छूट देने पर विचार की बात कही गई। इन पटाखों को काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च-नेशनल एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (CSIR-NEERI) के सहयोग से विकसित किया गया है।

>> (शेष पेज 06 पर)



सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल ग्रीन पटाखों की अनुमति दी थी

कोर्ट ने साफ किया था कि ग्रीन पटाखे दिवाली से पहले और दिवाली के दिन ही तय समय के दौरान चलाए जा सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण नियंत्रण को लेकर कहा था कि अगर दिल्ली-NCR के शहरों को साफ हवा का हक है तो दूसरे शहरों के लोगों को क्यों नहीं?

> पिछले साल दिवाली से पहले दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स 200 पार हो गया था। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और नेशनल कैपिटल रीजन में ग्रीन पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल की अनुमति दी थी। यह छूट परंपराओं और पर्यावरण व स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के बीच संतुलन बनाने की शर्तों के साथ दी गई थी।



31 दिसंबर 2029 तक पंजाब को नशामुक्त करने का शाह का दावा

बोले- 2027 का चुनाव नशामुक्त पंजाब के मुद्दे पर लड़ेगी भाजपा

रैली

तमसा संकेत, एजेंसी

जालंधर। गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को जालंधर में कहा कि आम आदमी पार्टी (AAP) ने पंजाब को चिट्टे (नशे) में धकेल दिया है। 2027 का चुनाव भाजपा नशामुक्त पंजाब के नाम पर लड़ेगी। मैं पंजाब के युवाओं को वादा करके जाता हूं कि भाजपा को वोट करें। हम 31 दिसंबर 2029 से पहले पंजाब को नशा मुक्त कर देंगे। उन्होंने रैली में कहा- भगवंत मान ने नशे के व्यापार को और बढ़ाया है। नशे में गुरु का अपमान करने वाला नशामुक्ति नहीं कर सकता। जो दिल्ली में शराब बेचने के घोटाले में पकड़े गए हों, वे पंजाब को नशामुक्त कैसे करेंगे? शाह की रैली से पहले बम की धमकी भी मिली थी। कैंब्रिज स्कूल को भेजे ई-मेल में दावा किया गया कि रैली के स्टेज के नीचे IED रखा गया है। हालांकि सुरक्षा एजेंसियों की जांच में वहां कुछ नहीं मिला।

>> (शेष पेज 06 पर)



> रैली को संबोधित करते वक्त अमित शाह को 4 बार खांसी आई। इसके बाद उनके सुरक्षाकर्मी ने डायस पर पानी का गिलास रखा।

बाराबंकी में विवाद के बाद महिला घायल, सीएचसी में भर्ती, हिरासत में आरोपी पति

पति ने पत्नी पर चाकू से किया हमला

वारदात

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। रामनगर थाना क्षेत्र के रामपुर खरगी गांव में बुधवार को पत्नी की विदाई कराने पहुंचे पति ने विवाद के बाद उस पर चाकू से हमला कर दिया। अचानक हुई इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलने पर पीआरवी 7178 ने पुलिस को सूचना दी।



घायल महिला को अस्पताल पहुंचाने के लिए 108 एंबुलेंस की मदद ली गई। एंबुलेंस कर्मियों ने विनीता को करीब छह मिनट में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रामनगर पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने महिला का प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने के कारण शुरुआती इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

विदाई के समय शुरू हुआ विवाद

जानकारी के मुताबिक, लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र के सेमरा निवासी सचिन गौतम अपनी पत्नी विनीता गौतम को विदा कराने के लिए रामनगर क्षेत्र के रामपुर खरगी गांव आया था। विनीता इसी गांव की रहने वाली बताई गई हैं।

बुधवार को जब विदाई की तैयारी चल रही थी, तभी किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया। शुरुआत में दोनों के बीच कहासुनी हुई। कुछ ही देर में विवाद बढ़ गया और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। इसी दौरान सचिन ने चाकू से विनीता पर हमला कर दिया। हमले में विनीता गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ीं। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में भी हड़कंप मच गया।

आरोपी पति हिरासत में, जांच जारी

पुलिस ने आरोपी सचिन गौतम को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अब पति-पत्नी के बीच विवाद की वजह और हमले की परिस्थितियों की जानकारी जुटा रही है। घटना में इस्तेमाल किए गए चाकू समेत अन्य तथ्यों की भी जांच की जा रही है।

रामनगर थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि घटना के बाद गांव में शांति व्यवस्था सामान्य है। किसी तरह की कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं है। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले से जुड़े सभी तथ्यों की जांच की जा रही है। घायल महिला के उपचार और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।







लापता किसान का धान के खेत में मिला शव

पत्नी ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस जांच में जुटी

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव के बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के भिखारीपुर गांव में बुधवार सुबह एक किसान का शव धान के खेत में मिला। शिवमंगल नाम का यह किसान पिछले पांच दिनों से लापता था। शव गांव से करीब पांच सौ मीटर दूर खेत में पड़ा मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। शिवमंगल 25 सितंबर की शाम से लापता थे। परिजनों ने 27 सितंबर को पुलिस को उनकी गुमशुदगी की सूचना दी थी। परिवार और ग्रामीण लगातार उनकी तलाश कर रहे थे। बुधवार सुबह राहगीरों ने खेत में शव देखा, जिसकी पहचान लापता शिवमंगल के रूप में हुई। सूचना पर बांगरमऊ कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। शिवमंगल की पत्नी ने पति की हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने बताया कि मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई कर रही है।





शिवमंगल 25 सितंबर की शाम से लापता थे।

फास्ट न्यूज

मिट्टी के टीले के नीचे दबने से अधेड़ की मौत

बांगरमऊ। उन्नाव के बांगरमऊ क्षेत्र में घर के आवश्यक काम के लिए सड़क किनारे टीले से मिट्टी खोद रहे ग्रामीण के ऊपर अचानक टीले का बड़ा हिस्सा धंसकर गिर गया। मिट्टी में दबने से उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत कर उसे मिट्टी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नेवल निवासी रहीस (55) पुत्र खलील बुधवार सुबह गांव के बाहर सड़क मार्ग किनारे स्थित टीले के पास मिट्टी खोदने गया था।

उन्नाव में कच्ची दीवार गिरने से वृद्धा की मौत

उन्नाव। उन्नाव में पुरवा कोतवाली क्षेत्र के बाबा खेड़ा गांव में मंगलवार शाम कच्ची दीवार गिरने से उसके नीचे दबकर 80 वर्षीय वृद्धा की मौत हो गई। हादसे के समय वृद्धा घर के पास बनी कच्ची दीवार के नीचे बैठी थी। अचानक दीवार भरभराकर उसके ऊपर गिर गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बुधवार सुबह करीब 11 बजे परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। बाबा खेड़ा गांव निवासी रुक्मणी (80) पत्नी स्व. बद्री घर पर अकेली रहती थीं। उनके तीन बेटे हैं, जो अलग-अलग मकानों में आसपास ही रहते हैं।

हरदोई के शॉपिंग मॉल में लगी आग

हरदोई। हरदोई के बिलग्राम नगर के सदर बाजार स्थित बिट्टू शॉपिंग मॉल में मंगलवार देर रात करीब 12:10 बजे भीषण आग लग गई।

देखते ही देखते आग ने मॉल में रखे कपड़े और दूसरे सामान को चपेट में ले लिया। आग बढ़ने से आसपास के दुकानदारों में दहशत फैल गई और पड़ोस की हाफिज जी गारमेंट्स दुकान को खाली कराया गया।

बलरामपुर-तुलसीपुर मार्ग पर भीषण हादसा, मां की डायलिसिस कराने लखनऊ जा रहे थे श्यामनारायण

ट्रक से टकराने के बाद बोलेरो से भिड़ी कार, मां-बेटे की मौत

- हादसे के बाद स्विफ्ट डिजायर को टो करके सड़क से हटवाया गया।
- टक्कर के बाद बोलेरो का अगला हिस्सा भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।
- कार सवार मां बेटे की हादसे में मौत हो गई, पत्नी गंभीर घायल हैं।





तमसा संकेत, एजेंसी


बलरामपुर। बलरामपुर में बुधवार सुबह भीषण सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई। स्विफ्ट डिजायर पहले ट्रक से टकराई और इसके बाद सड़क पर जा रही बोलेरो से भिड़ गई। हादसे में कार सवार श्यामनारायण (45) और उनकी मां कैलाशी देवी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि श्यामनारायण की पत्नी वंदना (40) गंभीर घायल हो गईं। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजे हैं। हादसा जिला मुख्यालय से करीब 30 किमी दूर बलरामपुर-तुलसीपुर मार्ग पर मेवालाल पुलिस चौकी के पास हुआ। श्यामनारायण तुलसीपुर चीनी मिल में केन मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। वह मां की डायलिसिस कराने पत्नी के साथ स्विफ्ट डिजायर (UP 32 LQ 6166) से लखनऊ जा रहे थे।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। गंभीर रूप से घायल वंदना को डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया है। हादसे के बाद बलरामपुर-तुलसीपुर मार्ग पर कुछ समय तक यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर रास्ता साफ कराया। एक ही परिवार में मां-बेटे की मौत और बहू के गंभीर घायल होने से परिवार में कोहराम मचा है।

कटान रुका पानी घटा, लेकिन बाढ़ पीड़ितों की पीड़ा बरकरार

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। हेतमापुर में सरयू-घाघरा नदी के भीषण कटान से दो दिनों तक बाबा नारायण दास मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल रहा। मंगलवार को मंदिर परिसर में हवन-पूजन के बाद देर रात नदी की धारा का रुख कुछ बदला। बुधवार को जलस्तर में कमी के साथ कटान का दायरा भी कुछ कम हुआ, लेकिन बाढ़ और कटान की मार झेल रहे परिवारों की समस्याएं अभी भी जस की तस बनी हुई हैं। कटान में जिन परिवारों के घर और उपजाऊ जमीन नदी की धारा में समा गई, उनके सामने अब रहने और रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। कई बाढ़ पीड़ित राहत केंद्रों में शरण लिए हुए हैं, जबकि कई परिवार बांध पर तिरपाल डालकर रहने को मजबूर हैं। पीड़ितों का आरोप है कि बाढ़ खंड की ओर से कटान रोकने के लिए लगातार किए गए प्रयास महज खानापूर्ति तक सीमित रहे। उनका कहना है कि नदी की तेज धारा में देखते ही देखते कई घर और खेती की जमीन समाती चली गई। राहत एवं बचाव कार्य को लेकर भी बाढ़ पीड़ितों में नाराजगी है। पीड़ितों का आरोप है कि राहत केंद्रों पर मिलने वाले लंच पैकेट में पर्याप्त भोजन नहीं दिया जा रहा है। उनका कहना है कि एक पैकेट में मात्र दो छोटी रोटियां और थोड़ी मात्रा में चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। आरोप यह भी है कि इसके बावजूद कई प्रभावित परिवार लंच पैकेट से वंचित रह जा रहे हैं। बाढ़ पीड़ितों का कहना है कि जिन परिवारों ने अपने घर और जमीन खो दी है, उनके सामने भोजन के साथ-साथ रहने, पशुओं के चारे और रोजमर्रा की जरूरतों का भी संकट है। ऐसे में राहत सामग्री की मात्रा और वितरण व्यवस्था को लेकर प्रशासन को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। पीड़ितों ने यह भी आरोप लगाया कि क्षेत्र में आने वाले अधिकारी और जनप्रतिनिधि बाबा नारायण दास मंदिर का निरीक्षण करने पहुंच रहे हैं, लेकिन जिन परिवारों के घर और जमीन नदी में समा चुकी हैं, उनके बीच जाकर उनकी वास्तविक समस्याओं की जानकारी लेने वाला कोई नहीं है। प्रभावित परिवारों ने मांग की है कि राहत केंद्रों पर पर्याप्त भोजन, जरूरी सामग्री और रहने की व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ ही कटान में घर-जमीन गंवाने वाले परिवारों के पुनर्वास की ठोस व्यवस्था जल्द से जल्द की जाए।



सेवा संकल्प अभियान में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा निबंध

भाषण और चित्रकला प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत बुधवार को पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज सूरतगंज में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सूरतगंज ब्लॉक क्षेत्र के माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा विभाग के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, अभिव्यक्ति की क्षमता, सामाजिक सरोकार और प्रतिभा को मंच प्रदान करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामनगर शरद कुमार अवस्थी, विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख सूरतगंज लकी सिंह, भाजपा जिला



उपाध्यक्ष शेखर हयारण, मंडल अध्यक्ष सूरतगंज सुशील वर्मा, विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद सिंह तथा खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र बहादुर चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं के बीच निबंध लेखन, भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मक सोच का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने विचारों को शब्दों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया, जबकि भाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने आत्मविश्वास के साथ अपने विचार रखे। प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने और मंच पर अपनी बात रखने का अवसर मिलता है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ रचनात्मक एवं सामाजिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।

मेरठ कोर्ट बोला- दोनों ने हत्या करके शव को छिपाया, 15 दिन बाद सजा का ऐलान

नीले ड्रम वाली मुस्कान और साहिल दोषी करार

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ। मेरठ के चर्चित सौरभ राजपूत हत्याकांड में बुधवार को कोर्ट ने आरोपी पत्नी मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल को दोषी करार दिया। कोर्ट ने कहा- मुस्कान ने साहिल के साथ मिलकर सौरभ की हत्या की थी। इसके बाद शव छिपाया था। 15 दिन बाद कोर्ट सजा का ऐलान करेगी। फैसले से पहले मुस्कान और साहिल बेचैन थे। मुस्कान पिछले 3 दिनों से जेल में पूजा कर रही थी। साहिल ने साथी कैदियों से बातचीत बंद कर दी थी। साहिल जेल कर्मचारियों से फैसले के बारे में पूछ रहा था। मामला 3 मार्च, 2025 का है। उस दिन मुस्कान



और साहिल ने सौरभ की हत्या की थी। शव के टुकड़े करके उन्हें ड्रम में पैक कर दिया था। 15 दिन बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जुलाई 2025 में जिला जज की कोर्ट में ट्रायल शुरू हुआ था।



कोर्ट रूम के बाहर भी बढ़ी भीड़

कोर्ट रूम के फुल होने के बाद बाहर भी वकीलों और अन्य लोगों की भीड़ जुटने लगी है। जैसे-जैसे फैसले का समय नजदीक आ रहा है, बाहर खड़े लोगों की बेचैनी भी बढ़ती जा रही है। सौरभ की तरफ से केस लड़ रहे निजी वकील विजय बहादुर सिंह फैसले की फिंगर टैली काउंटर लेकर कोर्ट पहुंचे।

कोर्ट रूम के अंदर भी राम नाम का जाप करते नजर आए।

विजय बहादुर सिंह ने कहा कि आज का फैसला सौरभ के हक में आए और उसकेहत्यारों को फांसी की सजा मिले।

पुलिस ने 1,000 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। इस केस में 126 तारीखों के दौरान 22 से ज्यादा गवाहों के बयान दर्ज हुए।

19 सितंबर को कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

व्यवस्था : गर्भगृह में मोबाइल पर रोक, सभी कर्मचारियों की कुंडली खंगाली जाएगी

राम मंदिर में चढ़ावा गिनती वाले पहनेंगे केसरिया जंपसूट

तमसा संकेत, एजेंसी


अयोध्या। अयोध्या राम मंदिर में अब चढ़ावे की राशि गिनने वाले कर्मचारियों के लिए भी ड्रेस कोड लागू किया गया है। कर्मचारियों को जंपसूट की तरह ऊपर से नीचे तक एक ही केसरिया रंग की पोशाक पहननी होगी। इसमें किसी तरह की जेब नहीं होगी। निर्धारित पोशाक के बिना किसी कर्मचारी को चढ़ावे की गिनती करने की अनुमति नहीं होगी। राम मंदिर में चढ़ावे की राशि गिनने का काम 2 शिफ्ट में होता है। इसमें बैंक के 10, राम मंदिर ट्रस्ट के 4 और आउटसोर्स एजेंसी के 22 कर्मचारी शामिल हैं। सभी कर्मचारियों के लिए ऊपर से नीचे



तक एक ही केसरिया रंग की पोशाक निर्धारित की गई है। इस पोशाक में कोई जेब नहीं है। इससे पहले चढ़ावा गिनने वाले कर्मचारियों के लिए कोई ड्रेस कोड नहीं था। चढ़ावा गिनने वाले कर्मचारियों की गणना कक्ष में हर बार प्रवेश और निकासी पर चेकिंग अनिवार्य की गई है। कर्मचारी जमीन पर बैठकर चढ़ावे की राशि की गणना करते हैं। गणना कक्ष के प्रवेश द्वार पर तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई है। कक्ष और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की लगातार निगरानी की जा रही है। कैमरे हर समय सही तरीके से काम कर रहे हैं या नहीं, इसकी भी मॉनिटरिंग की जाएगी। ट्रस्ट की ओर से कर्मचारियों के रिकॉर्ड और जिम्मेदारियों की समीक्षा के साथ मंदिर की व्यवस्थाओं को भी व्यवस्थित किया जा रहा है। रामलला की पूजा-अर्चना और सेवा करने वाले पुजारियों के लिए निर्धारित नई ड्रेस जन्माष्टमी के दिन से लागू कर दी गई थी।

सभी कर्मचारियों का बायोडाटा और रिकॉर्ड अपडेट

मंदिर और ट्रस्ट में काम करने वाले सभी कर्मचारियों का बायोडाटा मांगा गया है। इसमें उनकी शैक्षिक योग्यता, पहले किए गए काम, वर्तमान पद और जिम्मेदारियों की जानकारी ली जा रही है। कर्मचारियों की ओर से दी गई जानकारी का दस्तावेजों और उपलब्ध रिकॉर्ड से मिलान भी किया जा रहा है। इससे ट्रस्ट के पास सभी कर्मचारियों का रिकॉर्ड एक जगह अपडेट रहेगा।



मंदिर की व्यवस्थाओं को व्यवस्थित करने के लिए ट्रस्ट के नए सीईओ जीतेंद्र मिश्र ने सभी कर्मचारियों की भूमिका स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं। उनका जोर इस बात पर है कि हर कर्मचारी को अपने काम और जिम्मेदारी की पूरी जानकारी हो, ताकि किसी तरह की कमी होने पर जिम्मेदारी एक-दूसरे पर न डाली जा सके। इसके साथ ही मंदिर और ट्रस्ट में काम करने वाले सभी कर्मचारियों का बायोडाटा मांगा गया है।

उन्नाव में 64 हजार बच्चों ने प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

54 बच्चे जिला स्तरीय स्पर्धा के लिए चुने गए, 3 को किया गया सम्मानित

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव। विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत बुधवार को विकास भवन सभागार में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकासखंडों से चयनित 54 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन बच्चों को चयनित कर सम्मानित किया गया। बीएसए शैलेश पांडे ने बताया कि 2 अक्टूबर को होने वाले जनपद स्तरीय कार्यक्रम में भी इन बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। बीएसए ने बताया कि अभियान के तहत जिले के कक्षा पांच से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई थी। इसमें करीब 64 हजार बच्चों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय



स्तर पर चयनित विद्यार्थियों के लिए 26 सितंबर को ब्लॉक स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें करीब 8,802 बच्चों ने हिस्सा लिया। ब्लॉक स्तर पर प्रत्येक विकासखंड से तीन-तीन विजेता बच्चों का चयन किया गया। इस तरह 17 विकासखंडों से चयनित 54 बच्चे बुधवार को विकास भवन सभागार में आयोजित प्रतियोगिता में शामिल हुए। प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय करनहीपुर, बीघापुर की छात्रा सायमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय पिंडुरवा, सिकंदरपुर सरोसी की छात्रा संध्या ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय मटारिया, हसनगंज की छात्रा नैना गौतम तृतीय स्थान पर रहीं। विजेता बच्चों को कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया। बीएसए शैलेश पांडे ने बच्चों द्वारा बनाई गई चित्रकलाओं की सराहना करते हुए कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ उनकी रचनात्मक प्रतिभा को भी आगे बढ़ाने के अवसर दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के साथ एआरपी और एसआरजी टीम के प्रयासों से बच्चों में विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभा निखर रही है।

कठुआ में शहीद हुआ अंबेडकरनगर का बेटा

गांव में पसरा मातम, सीआइएसएफ कैंप में फायरिंग में असिस्टेंट कमांडेंट अंकित कुमार पांडेय की मौत

घटना

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के बसोहली क्षेत्र में मंगलवार शाम सीआईएसएफ कैंप में हुई फायरिंग में अंबेडकरनगर के असिस्टेंट कमांडेंट एवं कंपनी कमांडर अंकित कुमार पांडेय शहीद हो गए। फायरिंग की इस घटना में अंकित कुमार पांडेय समेत चार जवानों की मौत हुई है।

घटना की सूचना अंबेडकरनगर स्थित उनके पैतृक गांव पहुंचते ही परिवार और ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। गांव का माहौल गमगीन है और लोग घटना की जानकारी जुटाने में लगे रहे। जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम करीब साढ़े सात बजे सीआई-एसएफ कैंप में जवानों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ।



दौलतपुर एकसारा गांव के रहने वाले थे अंकित

अंकित कुमार पांडेय इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के दौलतपुर एकसारा (मठिया), डिहवा दौलतपुर गांव के रहने वाले थे। वह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर तैनात थे। कठुआ के बसोहली क्षेत्र में जलविद्युत परियोजना की सुरक्षा की जिम्मेदारी उनके पास थी। मंगलवार शाम ड्यूटी के दौरान कैंप में हुई फायरिंग में उनकी जान चली गई। अंकित के शहीद होने की खबर जैसे ही उनके पैतृक गांव पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीण भी उनके घर पहुंचने लगे। घटना की जानकारी के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है।

उप निरीक्षक से असिस्टेंट कमांडेंट तक का सफर

अंकित कुमार पांडेय ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में उप निरीक्षक के पद से सेवा की शुरुआत की थी। उन्होंने विभागीय परीक्षा में सफलता हासिल कर वर्ष 2021 में असिस्टेंट कमांडेंट का पद प्राप्त किया। इसके बाद उन्हें अधिकारी के तौर पर अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

कठुआ में तैनाती के दौरान अंकित कुमार पांडेय कंपनी कमांडर की जिम्मेदारी भी संभाल रहे थे।

जलविद्युत परियोजना की सुरक्षा से जुड़ी ड्यूटी के दौरान हुई फायरिंग में उनकी मौत ने परिवार के साथ ही गांव के लोगों को भी गहरे सदमे में डाल दिया।

गांव में छाया मातम, परिवार को अपनों के लौटने का इंतजार

अंकित कुमार पांडेय के शहीद होने की खबर के बाद दौलतपुर एकसारा गांव में शोक का माहौल है। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीण अंकित के व्यवहार और उनकी सेवा को याद कर रहे हैं।

कठुआ में हुई घटना के बाद गांव के लोगों की नजर अब उनके पार्थिव शरीर के गांव पहुंचने और अंतिम संस्कार की तैयारियों पर टिकी है।

परिवार और ग्रामीणों को संबंधित अधिकारियों से आगे की जानकारी का इंतजार है।

काउंसिलिंग से सुलझा पति-पत्नी का विवाद, साथ रहने पर बनी सहमति

जैतपुर थाने के मिशन शक्ति केंद्र में दोनों पक्षों की हुई काउंसिलिंग

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जैतपुर थाना क्षेत्र में पति-पत्नी के बीच चल रहे घरेलू विवाद को पुलिस ने काउंसिलिंग के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया। घरेलू हिंसा और आपसी मतभेद को लेकर थाने में प्रार्थना पत्र दिया गया था। इसके बाद मिशन शक्ति अभियान के तहत दोनों पक्षों को मिशन शक्ति केंद्र बुलाकर काउंसिलिंग कराई गई। पुलिस टीम ने पति-पत्नी की बात अलग-अलग सुनी। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता कराई गई। काउंसिलिंग के दौरान आपसी मतभेद दूर करने और विवाद का समाधान निकालने को लेकर बातचीत की गई। काउंसिलिंग के बाद दोनों पक्ष आपसी सहमति से साथ रहने के लिए तैयार हो गए। पुलिस के अनुसार दोनों ने राजी-खुशी साथ रहने पर सहमति जताई। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक और थाना प्रभारी प्रेमचंद्र के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान के तहत की गई। मिशन शक्ति केंद्र की पुलिस टीम ने काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूरी कराई।



फास्ट न्यूज

फरियादियों की शिकायतें सुन एसपी ने अधिकारियों से मांगा जवाब

अंबेडकरनगर। पुलिस कार्यालय में बुधवार को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने जनसु-नवाई की। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों ने पुलिस से जुड़ी अपनी समस्याएं और शिकायतें रखीं। एसपी ने फरियादियों की बात गंभीरता से सुनी और संबंधित प्रकरणों की स्थिति के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। जनसुनवाई के दौरान सामने आई शिकायतों के निस्तारण को लेकर एसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

धागा मिल कार्मिकों की तबीयत बिगड़ी, मेडिकल कॉलेज पहुंचीं डीएम

अंबेडकरनगर। निजी धागा मिल के कार्मिकों की तबीयत खराब होने की सूचना पर जिलाधिकारी ईशा प्रिया बुधवार को महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, सद्दरपुर पहुंचीं। उन्होंने भर्ती कार्मिकों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। साथ ही चिकित्सकों से उपचार की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कार्मिकों के समुचित उपचार के साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मरीजों की स्थिति पर नजर रखने और जरूरत के अनुसार उपचार उपलब्ध कराने को भी कहा।

स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा में सात बच्चों का सम्मान

अंबेडकरनगर। पोषण अभियान के तहत बुधवार को चिलवनिया में आंगन का उत्सव/आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा के चयनित बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के पोषण और देखभाल को लेकर भी जानकारी दी गई। स्पर्धा में श्रद्धा, पल्लवी, सेजल, रुद्रा, वान्य, अनमोल और युवराज को स्वस्थ बालक-बालिका के रूप में सम्मानित किया गया।

सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों पर भाजपा ने कसी कमर

जिलाध्यक्ष ने अब तक के कार्यक्रमों की समीक्षा की

17 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान में अधिक सहभागिता पर जोर

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में मंगलवार को सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा बैठक हुई। जिला अध्यक्ष दिलीप पटेल देव की अध्यक्षता में हुई बैठक में 17 सितंबर से शुरू हुए अभियान के तहत अब तक आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर अभियान के संयोजक और सह संयोजकों को दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाध्यक्ष ने अभियान के तहत हुए कार्यक्रमों की जानकारी ली। उन्होंने आगामी आयोजनों की तैयारी, कार्यकर्ताओं की सहभागिता और



कार्यक्रमों के संचालन को लेकर पदाधिकारियों से चर्चा की। बैठक में बताया गया कि सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से शुरू होकर 17 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान सेवा, जनकल्याण और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल देव ने कहा कि अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा और जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से मनाना है। उन्होंने अभियान से जुड़े पदाधिकारियों से निर्धारित कार्यक्रमों को गंभीरता से पूरा कराने को कहा। साथ ही अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं और आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अभियान के सभी कार्यक्रम आपसी समन्वय के साथ आयोजित किए जाएं। अब तक हुए कार्यक्रमों की तरह आगामी आयोजनों की तैयारियों को भी समय से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव, विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, डॉ. विनोद कुमार, जिला मंत्री अखंड प्रताप वर्मा, अंजू पांडेय, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, जिला कार्यालय मंत्री संतोष सिंह बबलू, आईटी जिला संयोजक मनीष मिश्र, अंकित अग्रहरि, गिरीश चंद्र वर्मा और अरुण राजभर समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

जिला जज की अदालत ने कलेक्टर के आदेश को निरस्त कर मामला लौटाया

धौरहरा में जमीन मुआवजे का अवार्ड रद्द, नए सिरे से तय होगी रकम

बाजार मूल्य तय करते समय जमीन की वास्तविक स्थिति पर विचार के निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। टांडा तहसील क्षेत्र के धौरहरा गांव में एनएच-233 के चौड़ीकरण के लिए अधिग्रहित जमीन के मुआवजे को लेकर जिला जज चंद्रोदय कुमार की अदालत ने अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने कलेक्टर/मध्यस्थ की ओर से 18 अप्रैल 2022 को दिए गए अवार्ड और इसके बाद पारित आदेश को रद्द कर दिया। साथ ही मुआवजे का नए सिरे से निर्धारण करने के लिए मामला कलेक्टर को वापस भेज दिया। धौरहरा निवासी राजेंद्र प्रसाद समेत पांच भूमि मालिकों ने कलेक्टर/मध्यस्थ के



अवार्ड को अदालत में चुनौती दी थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि मुआवजा तय करते समय जमीन की वास्तविक बाजार कीमत का उचित आकलन नहीं किया गया।

अदालत ने यह भी पाया कि कुछ अधिक मूल्य वाले बिक्री विलेखों को बिना जांच रिपोर्ट के तुलना योग्य नहीं माना गया। कोर्ट ने इसे मुआवजा निर्धारण की प्रक्रिया में कमी माना। इसके बाद जिला जज ने कलेक्टर/मध्यस्थ के 18 अप्रैल 2022 के अवार्ड और उसके बाद के आदेश को निरस्त कर दिया। अदालत ने मामले को कलेक्टर के पास वापस भेजते हुए कानून के अनुसार मुआवजे का नए सिरे से निर्धारण करने का निर्देश दिया।

खतौनी में कृषि भूमि दर्ज होना ही पर्याप्त नहीं

मंगलवार को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने मुआवजा निर्धारण की प्रक्रिया पर विचार किया। अदालत ने पाया कि जमीन का मूल्यांकन मुख्य रूप से सरकारी अभिलेखों में कृषि भूमि दर्ज होने के आधार पर किया गया था। अदालत के अनुसार, खतौनी में जमीन का कृषि भूमि के रूप में दर्ज होना बाजार मूल्य निर्धारित करने का अंतिम आधार नहीं हो सकता। जमीन की वास्तविक स्थिति, सड़क से उसकी पहुंच, आसपास का विकास और भविष्य में उसके उपयोग की संभावनाओं को भी मूल्यांकन में शामिल किया जाना चाहिए।

तिरंगा चौराहे पर फिर शुरू हुआ फुटपाथ पर कब्जा

पहले हटाए गए अस्थायी ठिकानों के बाद दोबारा बने कब्जे

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिला मुख्यालय के जुड़वा कस्बे शहजादपुर में तिरंगा चौराहे के आसपास फुटपाथ पर दोबारा अस्थायी कब्जे शुरू होने की स्थिति सामने आई है। कुछ समय पहले प्रशासन ने अभियान चलाकर फुटपाथ से अस्थायी आवास हटाए थे। इसके बाद यहां सार्वजनिक रास्ता कब्जामुक्त कराया गया था। अतिक्रमण हटाने के बाद प्रशासन की ओर से विस्थापित लोगों के लिए टांडा रोड पर जमीन उपलब्ध कराने की बात भी सामने आई थी। इसके बावजूद अब कुछ लोगों ने दोबारा अस्थायी आवास खड़े करने शुरू कर दिए हैं। इससे फुटपाथ और सार्वजनिक स्थान पर फिर कब्जा बढ़ने की आशंका है। पहले हटाए गए अतिक्रमण की दोबारा शुरुआत ने निगरानी व्यवस्था पर



भी सवाल खड़े किए हैं। अभियान के बाद नियमित निगरानी होने पर शुरुआती स्तर पर ही कब्जे रोके जा सकते थे। अब स्थिति यह है कि फुटपाथ पर फिर से अस्थायी निर्माण दिखाई देने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शुरुआती स्तर पर ही कार्रवाई होने से अतिक्रमण को फैलने से रोका जा सकता है। ऐसे में नगर पालिका और संबंधित विभागों की निगरानी के साथ आगे की कार्रवाई पर नजर है।


अंबेडकरनगर के 31वें स्थापना वर्ष और भारतेंदु नाट्य अकादमी के 50 वर्ष पूरे होने पर सजी सांस्कृतिक शाम

'राम की शक्ति पूजा' ने बांधा समां, कथक की थाप पर झूमे दर्शक

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिले के 31वें स्थापना वर्ष और भारतेंदु नाट्य अकादमी की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बुधवार को महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, सद्दरपुर के ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारतेंदु नाट्य अकादमी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कथक, गायन और नाटक की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का ध्यान खींचा।

आयोजन में अकादमी की पांच दशक की यात्रा को भी सामने रखा गया। रंगमंच और नाट्यकला के क्षेत्र में अकादमी के योगदान पर चर्चा हुई। इस दौरान अकादमी से जुड़े कलाकारों और रंगकर्मियों की



उपलब्धियों को याद किया गया। अंबेडकरनगर की कला, साहित्य और सांस्कृतिक विरासत भी प्रस्तुतियों के माध्यम से नजर आई। भारतेंदु नाट्य अकादमी की टीम लीडर रागिनी श्रीवास्तव की अगुवाई में कथक नृत्यांगनाओं ने शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया। नृत्य की मुद्राओं और ताल के माध्यम से भारतीय शास्त्रीय कला की झलक प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में भारतेंदु नाट्य अकादमी के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर उसकी यात्रा और रंगमंच के क्षेत्र में योगदान को रेखांकित किया गया। अकादमी से जुड़े कलाकारों और रंगकर्मियों के कार्यों को याद करते हुए उसकी सांस्कृतिक विरासत की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद, मुख्य विकास अधिकारी वैभव मिश्रा समेत जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सिलसिला शुरू हुआ।



मंच पर जीवंत हुआ 'राम की शक्ति पूजा'

व्योमेश शुक्ल के निर्देशन में 'राम की शक्ति पूजा' नाटक का मंचन किया गया। साहित्यिक कृति पर आधारित इस प्रस्तुति में रंगमंच के माध्यम से कथा को मंच पर प्रस्तुत किया गया। कलाकारों के अभिनय और मंचन को दर्शकों ने सराहा।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रंजीत कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी, उप निदेशक कृषि, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विवेक मौर्य समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और नागरिक मौजूद रहे।इसके बाद अपर्णा तिवारी के गायन ने कार्यक्रम में संगीत का रंग जोड़ा। अन्य कलाकारों ने भी विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। सभागार में मौजूद दर्शकों ने प्रस्तुतियों का आनंद लिया और कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।

आयोजन : अकबरपुर नगर पालिका में शिविर आयोजित, आयुष्मान योजना की केवाईसी और पीएम स्वनिधि में पंजीकरण कराया गया

सफाई मित्रों को सुरक्षा किट, स्वास्थ्य जांच के साथ योजनाओं का मिला लाभ

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। नगर पालिका परिषद अकबरपुर के सभागार में बुधवार को 'सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान शिविर' आयोजित किया गया। 'स्वच्छता ही सेवा 2026' और 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत हुए शिविर में स्वच्छता मित्रों का सम्मान किया गया। उनके स्वास्थ्य और कार्यस्थल पर सुरक्षा को लेकर भी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम की शुरुआत नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम के लाइव प्रसारण से हुई। नगर पालिका सभागार में एलईडी स्क्रीन के जरिए कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। इसके बाद अधिशासी अधिकारी राजमणि वर्मा



ने स्वच्छता मित्रों का स्वागत किया और उनके कार्यों की सराहना की। स्वास्थ्य जांच टीम में चिकित्साधिकारी डॉ. पन्नालाल, डॉ. शिवांगी सिंह और डॉ. स्वर्णिमा वर्मा शामिल रहीं। टीम में एचवी पूनम देवी, एएनएम स्वाति और माला वर्मा, एलटी विकास वर्मा, इंटर्न फार्मासिस्ट अभिषेक कन्नौजिया, दिव्यांशु, रूपा और अमित कुमार ने सहयोग किया। कार्यक्रम में अवर अभियंता जलकर शैलेंद्र सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन हृदयानंद यादव, प्रधान लिपिक अनूप सोनकर, अर्बन विशेषज्ञ रवि उपाध्याय, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी जसवंत सिंह यादव, स्वच्छता प्रभारी इसराइल, ओमप्रकाश सुमन और बृजेंद्र कुमार समेत नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

पीपीई किट में मिले गम बूट, ग्लव्स और मास्क

स्वच्छता मित्रों को सुरक्षित तरीके से काम करने के लिए सुरक्षा किट वितरित की गई। किट में गम बूट, ग्लव्स, मास्क और यूनिफॉर्म समेत आवश्यक सुरक्षा उपकरण शामिल रहे।

नगर पालिका की ओर से कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरणों के इस्तेमाल पर भी जोर दिया गया। शिविर के दूसरे चरण में सीएचसी मीरानपुर अकबरपुर की मेडिकल टीम ने स्वास्थ्य जांच की। सफाई मित्रों के ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और हीमोग्लोबिन की जांच की गई। सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य शिविर में सफाई मित्रों के साथ उनके परिजनों ने भी जांच कराई।

आयुष्मान में पंजीकरण, पीएम स्वनिधि की भी सुविधा

शिविर में पात्र स्वच्छता मित्रों का आयुष्मान योजना के तहत पंजीकरण कराया गया। मौके पर केवाईसी की प्रक्रिया भी पूरी की गई। इसके अलावा स्वच्छता मित्रों के परिवार के सदस्यों ने पीएम स्वनिधि योजना में पंजीकरण कराया।

अधिशासी अधिकारी राजमणि वर्मा ने कहा कि स्वच्छता मित्रों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए शिविर लगाया गया है।

सुरक्षा किट, स्वास्थ्य जांच और विभिन्न योजनाओं से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध कराने का उद्देश्य स्वच्छता मित्रों और उनके परिवारों को योजनाओं का लाभ दिलाना है।

रबी की बुवाई से पहले किसानों को मिलेगा निशुल्क बीज

जिले को तोरिया, मसूर, मटर, चना और राई-सरसों के मिनीकिट का लक्ष्य मिला

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। रबी 2026-27 की बुवाई को लेकर कृषि विभाग ने किसानों के लिए निशुल्क मिनीकिट बीज वितरण की तैयारी शुरू कर दी है। जिले के राजकीय कृषि बीज भंडारों पर विभिन्न योजनाओं के तहत निशुल्क बीज उपलब्ध कराया जाएगा।

इसके लिए जिले को अलग-अलग फसलों के मिनीकिट का लक्ष्य आवंटित किया गया है। जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी के अनुसार तोरिया मिनीकिट के लिए पांच कुंतल, मसूर के लिए आठ कुंतल और मटर मिनीकिट के लिए 50 कुंतल का लक्ष्य मिला है। इसके अलावा मटर बीज आईपीएफडी-9-2 के लिए 50 कुंतल और चना की



आरवीजी-204 प्रजाति के लिए 240 कुंतल बीज का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में राई-सरसों के निशुल्क मिनीकिट के लिए 129 कुंतल और चना मिनीकिट के लिए 171.52 कुंतल का लक्ष्य मिला है। कृषि विभाग जल्द ही बीज का उठान कराकर जिले के सभी राजकीय कृषि बीज भंडारों पर उपलब्ध कराने की तैयारी में है। ऐट सोर्स अनुदान के तहत बीज लेने के लिए किसानों को ऑनलाइन बुकिंग करनी होगी। इसके बाद किसान अपने विकासखंड के राजकीय कृषि बीज भंडार प्रभारी से आवश्यक अभिलेखों के साथ संपर्क करेंगे। बीज प्राप्त करते समय पीओएस मशीन पर अंगूठा लगाना होगा। इसके बाद पात्र किसान को बीज या निशुल्क मिनीकिट उपलब्ध कराया जाएगा। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन किसानों ने पिछले वर्ष अनुदान पर बीज प्राप्त किया था, उन्हें इस वर्ष बीज नहीं दिया जाएगा। ऐसे किसानों से इस बार बीज की ऑनलाइन बुकिंग नहीं करने को कहा गया है। विभाग ने किसानों से बुकिंग करने से पहले पात्रता की जानकारी सुनिश्चित करने की अपील की है।

सम्पादकीय

पितृसत्ता के खिलाफ लड़कियों ने की आवाज बुलंद



केंद्र की मोदी सरकार और दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार के लिए कितने शर्म की बात है कि लड़कियों को बेखौफ सड़कों पर निकलने की आजादी को लेकर आवाज उठानी पड़ रही है। महिला सशक्तीकरण और बेटी बचाने के जितने नारे भाजपा ने गढ़े हैं, वो सब मौजूदा माहौल में ढेर होते दिख रहे हैं। महिला सुरक्षा के लिहाज से दिल्ली की गिनती सर्वाधिक असुरक्षित शहरों में होती है। दिल्ली पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक 2013 से 2025 के बीच राजधानी में 26,582 रेप केस दर्ज हुए हैं। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक भारत में हर दिन करीब यौन हिंसा के करीब 80 मामले दर्ज होते हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो और राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों का विश्लेषण बताता है कि देश के 90 प्रतिशत ऐसे मामले तो कभी दर्ज ही नहीं होते। भंया कांड जब हुआ था, तो उसने पूरे देश को हिला दिया था। सड़कों पर उतर कर लोगों ने तत्कालीन यूपीए और कांग्रेस सरकार के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया था। लेकिन वो दौर अलग था, कांग्रेस ने इस गुस्से का सामना जनभावनाओं का सम्मान करते हुए किया और साथ ही निर्भया के परिवार को निजी तौर पर राहुल गांधी ने मदद की और सरकार ने अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की। आज सरकार से ऐसी उम्मीदें करना बेकार है। बल्कि दिल्ली के सार्वजनिक पार्क आस्था कुंज में 21 सितंबर को खुद को पुलिसकर्मी बताकर तीन पुरुषों ने एक नाबालिग का बलात्कार किया और घटना के बाद डीडीए ने सलाह दी कि सूरज ढलने के बाद पार्क में किसी को जाने की इजाजत नहीं होगी। यह वारदात लेडी श्रीराम कॉलेज के पास हुई तो कॉलेज ने 22 सितंबर को ऑनलाइन क्लास ही लगा दी। जिसके बाद लेडी श्रीराम, गार्गी कॉलेज, मिरांडा हाउस समेत कई कॉलेजों की छात्राएं इन घटनाओं के खिलाफ सड़कों पर निकल आईं। अब दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में प्रदर्शन हो रहे हैं और कई सार्वजनिक पार्कों में लड़कियां और महिलाएं धरने पर बैठीं। ठीक ऐसा ही माहौल 2016 में भी बना था, तब 'ब्लैंक नॉइज' नाम की संस्था के तहत लड़कियों ने सार्वजनिक पार्कों में रात को बैठना शुरु किया था। मकसद था सार्वजनिक स्थानों में लड़कियों को सुरक्षित महसूस करवाना और उन्हें यह एहसास दिलाना कि ये जगहें उनकी भी उतनी ही हैं जितनी पुरुषों की। लेकिन दस साल बाद भी दिल्ली क्या पूरे देश के हालात ऐसे ही हैं कि अंधेरा होने पर लड़कियां घर में रहें, यही सलाह दी जाती है। जबकि कायदे से समाज को मानसिकता बदलने की जरूरत है। लड़कों को लैंगिक बराबरी की सीख देने की जरूरत है, ताकि लड़कियां हर हाल में सुरक्षित महसूस करें। अभी डीडीए ने रात को पार्क में न आने की जो सलाह दी, उस पर लड़कियां फिर से पूछ रही हैं कि क्या लड़कियां पब्लिक पार्क में अपनी मर्जी से, अपने तय किए गए वक्त पर नहीं जा सकतीं? अगर सार्वजनिक जगहों पर यौन हिंसा की घटनाएं होती हैं तो क्या इसका उपाय यह है कि लड़कियों को वहां जाने से ही मना कर दिया जाए? छात्राओं का कहना था कि सुरक्षा के नाम पर लड़कियों के पार्कों में प्रवेश पर रोक लगाना समस्या का समाधान नहीं है। हालांकि अब डीडीए ने रविवार देर शाम स्पष्टीकरण जारी किया है कि पार्कों में आने वाले लोग पहले से निर्धारित समय के अनुसार उनका इस्तेमाल जारी रख सकते हैं। सूर्यास्त के बाद सुनसान या कम रोशनी वाले स्थानों पर नहीं जाने की सलाह केवल सुरक्षा के दृष्टिकोण से दी गई है। इससे पार्कों के खुलने और बंद होने के निर्धारित समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है और तय समय के भीतर पार्कों में आने-जाने पर कोई रोक नहीं है। लेकिन सवाल यही है कि चाहे स्थान सुनसान हो या भीड़-भाड़ वाला हो, अंधेरा हो या उजाला हो, घर हो, दफ्तर-कॉलेज-स्कूल हो या सड़क हो, हर जगह, हर तरीके से, हर उम्र की लड़कियां सुरक्षित क्यों नहीं हैं। इसका जवाब यही समझ आता है कि समाज में लड़कियों का सम्मान करने और उनके साथ बराबरी का व्यवहार करने की तमीज नगण्य है। गिने-चुने लोग ही होंगे जो लड़कियों को उनकी शारीरिक संरचना से परे केवल इंसानों के तौर पर देखें और वैसा ही व्यवहार करें जो एक इंसान को दूसरे इंसान से करना चाहिए। भारत के समाज में तो सुरक्षा के नाम पर लड़कियों की तरह-तरह की बंदिशें थोपीं गई हैं और इस तरह लड़कों के उच्छृंखल व्यवहार को और बढ़ावा दिया जाता है। अभी जमुई जिले में नाबालिग का उत्पीड़न कर, सोशल मीडिया पर उसका वीडियो वायरल कर दिया गया था, इस मामले में कई ऐसे वीडियो भी सामने आए जहां आरोपियों के गांव वालों ने उनका साथ दिया और कहा कि गलती उस लड़की की थी जो अंधेरे में एक लड़के के साथ घूम रही थी।

भारत की नज़र संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट पर



इसके अलावा, भारत की उम्मीदवारी के लिए समर्थन बढ़ रहा है। अफ्रीकी यूनियन जैसे संगठन भी इसका समर्थन कर रहे हैं। यूनियन ने मांग की है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अफ्रीका के हितों और नज़रिए को ठीक से दिखाने के लिए उसे स्थायी सीट मिलनी चाहिए।

भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी और अस्थायी, दोनों तरह की सीटों के लिए कोशिश कर रहा है। स्थायी सीट पाने के लिए संयुक्त राष्ट्र के ढांचे में बड़े बदलावों की ज़रूरत है, और ये बदलाव धीरे-धीरे हो रहे हैं। भारत को 'वैश्विक दक्षिण' और भारत-प्रशांत क्षेत्र में एक अहम आवाज़ के तौर पर देखा जाता है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर, जो अभी संयुक्त राष्ट्र की बैठक में शामिल होने के लिए न्यूयॉर्क में थे, ने इस साल अस्थायी सीट के लिए अभियान शुरू किया है। अगस्त 1950 में, अमेरिका ने अपने राजदूत के ज़रिए भारत को प्रस्ताव दिया था कि वह चीन की जगह भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनाने पर विचार करे। कहा जाता है कि नेहरू ने इस सुझाव को ठुकरा दिया, जिससे भारत स्थायी सदस्यता पाने का मौका चूक गया। हालांकि, उस समय अंतरराष्ट्रीय हालात शीतयुद्ध के चरम पर थे। शायद उसकी जटिलताओं की वजह से उनका रुख सही रहा हो। नई दिल्ली अपनी विदेश नीति के लक्ष्यों के तहत पिछले 30 सालों से इस सीट के लिए कोशिश कर रही है। इन सालों में, कई देशों ने भारत की दावेदारी का समर्थन किया है, क्योंकि वे भारत के बढ़ते प्रभाव, बड़ी आबादी और शांति बनाए रखने में उसके योगदान को मानते हैं। हालांकि, सुरक्षा परिषद के ढांचे को बदलना मुश्किल है क्योंकि इसके लिए मौजूदा पांच स्थायी सदस्यों-अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और यूनाइटेड किंगडम- की आम सहमति की ज़रूरत है। अभी इस बात की कोई साफ समय-सीमा नहीं है कि भारत यह लक्ष्य कब हासिल करेगा या करेगा भी या नहीं। भारत का मानना है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का मौजूदा ढांचा अब आधुनिक हकीकत को नहीं दिखाता है। उसका तर्क है कि सबसे बड़े लोकतंत्र और बढ़ती अर्थव्यवस्था के तौर पर उसकी स्थिति उसे एक अहम वैश्विक खिलाड़ी बनाती है। शांति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशनों में उसकी बड़ी भागीदारी से दिखती है, जहां उसने स्थिरता बनाए रखने में मदद के लिए कई कर्मियों को भेजा है। भारत को मज़बूत कूटनीतिक कोशिशें करनी होंगी, क्योंकि ताजिकिस्तान भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एशिया-प्रशान्त क्षेत्र की अस्थायी सीट के लिए होड़ में है। 'ऑर्गनाइज़ेशन ऑफ़ इस्लामिक कोऑपरेशन' से ताजिकिस्तान को मिलने वाला समर्थन भारत के लिए मुकाबले को और मुश्किल बना सकता है। अपनी स्थिति को मज़बूत करने के लिए, भारत को फ़िजी, अमेरिका, ऑस्ट्रिया और श्रीलंका के अलावा और भी समर्थन की ज़रूरत है। चुनाव साल में एक बार गुप्त मतदान के ज़रिए होते हैं और इसके लिए दो-तिहाई बहुमत की ज़रूरत होती है, भले ही उम्मीदवारों का कोई विरोध न हो। जी-4 देश स्थायी सीटों के लिए एक-दूसरे की महत्वाकांक्षाओं का समर्थन करते हैं, और कुछ यूरोपीय देश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की दावेदारी का समर्थन करते हैं। हालांकि, चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं, जिनमें कितनी नई सीटें जोड़ी जाएं और नए सदस्यों के लिए वीटो पावर का विवादास्पद सवाल शामिल है। कई देशों से समर्थन मिलने के बावजूद, भारत को नई सीटों और वीटो पावर को लेकर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। वह एक ऐसे प्रस्ताव का समर्थन करता है जिसमें शुरू में नए स्थायी सदस्यों के लिए वीटो अधिकार शामिल नहीं हैं, ताकि मौजूदा सदस्यों की चिंताओं को दूर करते हुए बेहतर प्रतिनिधित्व को बढ़ावा दिया जा सके। जैसा कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संसदीय सत्रों में दोहराया है, भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधारों पर अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) में सक्रिय रूप से शामिल है। भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार के लिए व्यापक समर्थन जुटाने की दिशा में काम कर रहा है। इस रणनीतिक जुड़ाव में 'वैश्विक दक्षिण' के देशों के साथ अपने संबंधों को मज़बूत करना शामिल है, जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर सामूहिक विकास को बढ़ावा देने और साझा चुनौतियों का समाधान करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की वकालत करता है क्योंकि उसका मानना है कि मौजूदा ढांचा अब 21वीं सदी की वास्तविकताओं को नहीं दर्शाता है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में, भारत वैश्विक मंच पर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के प्रति भारत की लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में उसके महत्वपूर्ण योगदान से साबित होती है। देश ने हज़ारों कर्मियों को तैनात किया है, जिससे वैश्विक स्थिरता बनाए रखने के लिए समर्पित एक क्षेत्रीय शक्ति के रूप में उसकी प्रतिष्ठा और मज़बूत हुई है। कई यूरोपीय देशों ने भारत की उम्मीदवारी का समर्थन किया है, तथा इसे परिषद के भीतर प्रतिनिधित्व में विविधता लाने के एक तरीके के रूप में देखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुधार की तत्काल आवश्यकता के बारे में विशेष रूप से मुखर रहे हैं। उन्होंने सीट आबंटन और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के दावों जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर ज़ोर दिया है। हालांकि, सुधार प्रक्रिया को महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ा है क्योंकि कोई एकीकृत वार्ता पाठ मौजूद नहीं है और सदस्यता के विस्तार तथा वीटो पावर के विवादास्पद मुद्दे पर विवाद जारी है। कई देशों से मज़बूत समर्थन के बावजूद, महत्वपूर्ण चुनौतियां बनी हुई हैं। इन चुनौतियों के केंद्र में नई सीटों के आबंटन और अतिरिक्त सदस्यों को वीटो पावर देने के असर को लेकर विवादित चर्चाएं हैं। इसके बावजूद, भारत स्थायी सदस्यता की वकालत करता रहा है और वैश्विक शासन तथा शांति और सुरक्षा के उन सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताता रहा है, जिन्हें बनाए रखना संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का काम है। अपने सुधार प्रस्ताव में, भारत एक ऐसे ढांचे के लिए तैयार है जिसमें शुरुआत में नए स्थायी सदस्यों को वीटो पावर न दी जाए। इस प्रस्ताव का मकसद ऐतिहासिक आशंकाओं को दूर करना है। मौजूदा सदस्यों के बीच ज़्यादा बराबरी वाली भागीदारी को बढ़ावा देना मुख्य ध्येय है।

कल्याणी शंकर

गौर करने की ...

वीरेन्द्र सिंह परिहार

चुनाव आयोग बनाम विपक्षी दल



देश के एक प्रमुख अंग्रेजी समाचार-पत्र में यह प्रकाशित हुआ कि एसआईआर यानी मतदाता सूची के शुद्धिकरण को लेकर चुनाव आयोग के दो सदस्यों सर्व श्री कमलजीत सन्धू और डा0 विवेक जोशी द्वारा 14 बार आपत्ति दर्ज कराई गई। उक्त खबर में यही नहीं बताया गया कि उक्त आपत्तियाँ दर्ज कराने का परिणाम क्या निकला लेकिन 'कौआ कान ले गया' की तर्ज पर कांग्रेस कमेत सभी विरोधी दल चुनाव आयोग के प्रमुख आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर हमलावर हो गये। राहुल गाँधी ने ज्ञानेश कुमार को लेकर कहा- ''हम आपको पकड़ेगे ? आशय यह कि जब सत्ता में आयेंगे तो ज्ञानेश कुमार को गिरफ्तार कर जेल में डाल देंगे। अरविंद केजरीवाल तो जैसे मौके की तलाश में ही थे। सीधे कह बैठे- ''ज्ञानेश कुमार को तुरंत गिरफ्तार कर उन पर मुकदता चलाया जाना चाहिए। बड़बोले बिहार से कांग्रेस सांसद पप्पू यादव ने तो सीधे ज्ञानेश कुमार को खम्भे पर लटकाने की माँग कर दी तो मुकेश सहनी ने तो सीधे ज्ञानेश कुमार को गोली मारने की इच्छा व्यक्त कर दी। अखिलेश यादव तो इस दौर में चुनी गई भाजपा सरकारों को असंवै-धानिक होने का प्रमाण-पत्र बाँटने लगे। राहुल गाँधी ने भी उसी सुर में सुर मिलाते हुये कहा दिया कि भाजपा ने ज्ञानेश कुमार के सहयोग से वोट चोरी कर सरकारें बनाई है। दूसरी तरफ बंगाल भाजपा के अध्यक्ष शामिक भट्टाचार्य ने ज्ञानेश कुमार के चुनाव क्षेत्र में किये गये सुधारों/कार्यों को लेकर उन्हें पदम विभूषण देने की माँग कर डाली। यदि शामिक भट्टाचार्य की बाते छोड़ भी दी जाये तो केरल सरकार के गृहमंत्री रमेश चेन्निथला जो कांग्रेस पार्टी के हैं, उन्होंने चुनाव आयोग की निष्पक्षता की प्रशंसा करते हुये कहा कि पहले भी वाम मोर्चा की सरकार मृतकों के नाम वोटरलिस्ट में जोड़कर फर्जी मतदान कराती थी लेकिन अब चुनाव आयोग के चलते ऐसा नहीं है और फेयर चुनाव हो रहा है जिसके चलते केरल में यूपीए की सरकार सत्तारूढ़ है। कि यदि चुनाव आयोग के सहयोग और समर्थन से ही भाजपा एनडीए वोट चोरी कर तमाम चुनाव जीत रही है तो फिर तमिलनाडु में भाजपा का मात्र 1 ही विधायक कैसे ? यदि ऐसा था तो फिर केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, पंजाब, हिमांचल प्रदेश के सभी प्रान्तो में भाजपा की सरकारें होनी चाहिए थी। उल्लेखनीय यह भी कि यदि ज्ञानेश कुमार के चलते इस तरह वोट चोरी हो रही थी तो उत्तर प्रदेश में भाजपा को गत लोकसभा चुनाव में 80 में मात्र 37 सीटें ही क्यों मिली जबकि 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को इससे करीब दुगुनी सीटें मिली थी। यदि ऐसा था, तो 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को मात्र 240 सीटें ही क्यों जबकि 2014 और 2019 के दोनो चुनावों में भाजपा को अपने आप पूर्ण बहुमत प्राप्त था। विपक्षी दलों का तो यहाँ तक आरोप है कि चुनाव आयोग के सहारे भाजपा सिर्फ वोटो की ही नहीं, राजनीतिक दलों की भी चोरी कर रही है। यह बाते बंगाल में तृणमूल के विभाजन, महाराष्ट्र में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस के विभाजन और उनके चुनाव चिन्ह जब्त करने को लेकर कही जाती रही है पर कांग्रेस पार्टी को क्या यह पता नहीं है कि अतीत में उस पार्टी का स्वतः दो बार विभाजन हो चुका है और उसके 'दो बैलों की जोड़ी' और 'बछड़े को दूध पिलाती गाय' का चुनाव चिन्ह चुनाव आयोग द्वारा जब्त कर लिया गया था जिसके परिणामस्वरूप आज कांग्रेस का चुनाव चिन्ह 'हाथ' का पंजा है। तथ्यतः यह बात भी गलत है कि एसआईआर से फायदा भाजपा को हो रहा है। एसआईआर होने के पश्चात बंगाल के गत विधान चुनावों में जिन विधानसभा क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर वोट काटे गये, वहाँ 15 सीटों पर तृणमूल चुनाव जीत कर आई। बड़ी बात यह भी कि जो वोट कटते हैं, उसमें चुनाव आयोग कैसे यह पता कर सकता है कि यह किस पार्टी के वोट हैं ? सच्चाई यह कि कांग्रेस पार्टी अपने शासन के दौर में चुनाव आयोग समेत सभी संवैधानिक संस्थाओं में अपने प्रति और खास तौर पर एक खानदान के प्रति वफादार लोगो को ही नियुक्त करती थी और अपने अनुरूप फैसले कराती थी। वैसा वह विपक्ष में रहकर भी चाहती है, कि चुनाव आयोग और दूसरी संवैधानिक संस्थाएं उनके इशारे पर नाचे, नहीं तो वह उन्हें बदनाम करने का प्रयास करेंगे। यहाँ तक कि उन्हें खुलेआम धमकायेंगे। सत्ता में रहकर कांग्रेस पार्टी द्वारा चुनाव आयोग के दुरूपयोग का सबसे बड़ा उदाहरण 2009 के आस-पास नवीन चावला की नियुक्ति है, जिसके बारे में उस समय के मुख्य चुनाव आयुक्त वी. गोपालस्वामी ने कहा था कि वह वाशरूम में जाकर चुनाव आयोग की बातों को कांग्रेस पार्टी तक पहुँचाते हैं, और उनको हटाने के लिये न्यायालय तक गये थे। इसके बावजूद नवीन चावला को मुख्य चुनाव आयुक्त बनाया गया और रिटायरमेंट के बाद भी उन्हें उपकृत किया गया। यह भी सच्चाई है कि विपक्ष आज जिन दो चुनाव आयुक्तों को हीरो की तरह पेश कर रहा है, उनकी नियुक्ति के समय उन्हें मोदी का आदमी बताकर भारी विरोध किया था। अब जहाँ तक चुनाव आयोग में किसी बिन्दु पर असहमति जताने का प्रश्न है।

उत्तर प्रदेश में ...

जयेन्द्र सिंह

पर्यटन ने उत्तर प्रदेश की संस्कृति को दिया आर्थिक सामर्थ्य

उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक संपदा सदियों से विश्व को आकर्षित करती रही है, लेकिन विरासत तभी व्यापक आर्थिक शक्ति बनती है जब यात्रियों को सुरक्षित परिवहन, स्वच्छ परिसर, गुणवत्तापूर्ण ठहराव और व्यवस्थित सेवाएं मिलें। वर्ष 2017 में प्रदेश में लगभग 23.7 करोड़ पर्यटक आए थे। वर्ष 2025 में यह संख्या 156 करोड़ से अधिक हो गई। इस असाधारण वृद्धि ने उत्तर प्रदेश को घरेलू पर्यटन में देश के अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने पर्यटन को केवल दर्शन और भ्रमण तक सीमित न रखकर रोजगार, निवेश और स्थानीय विकास से जोड़ा है। अयोध्या, काशी और प्रयागराज में हुए विकास ने धार्मिक पर्यटन का नया मानक प्रस्तुत किया। बेहतर सड़क, हवाई और रेल संपर्क के साथ घाट, मार्ग, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, सुरक्षा, स्वच्छता तथा सूचना सुविधाओं का विस्तार किया गया। मथुरा और वृंदावन में ब्रज संस्कृति, कुशीनगर में बौद्ध विरासत, विंध्य क्षेत्र में शक्तिपीठ और नैमिषारण्य जैसे स्थलों के विकास ने पर्यटन को कुछ चुनिंदा शहरों से आगे बढ़ाया। बड़े आयोजनों और दीपोत्सव जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने प्रदेश की पहचान को देश और दुनिया तक पहुंचाया है।

पर्यटक संख्या का वास्तविक महत्व स्थानीय आय में है। एक यात्री होटल या धर्मशाला में ठहरता है, वाहन का उपयोग करता है, स्थानीय भोजन खरीदता है, प्रसाद और स्मृति चिह्न लेता है तथा कई सेवाओं के लिए भुगतान करता है। इस खर्च का लाभ गाइड, नाविक, फोटोग्राफर, फूल विक्रेता, हस्तशिल्पी, ई रिक्शा चालक और छोटे दुकानदार तक पहुंचता है। यदि एक जिले में पर्यटकों का प्रवास कुछ घंटे से बढ़कर एक या दो दिन होता है तो स्थानीय अर्थव्यवस्था पर उसका प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है। इसी कारण सुविधाओं का विकास रोजगार नीति का भी हिस्सा है।

उत्तर प्रदेश में पर्यटन और विमानन का विस्तार एक दूसरे को गति देता है। पांच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे विदेशी श्रद्धालुओं और प्रवासी भारतीयों के लिए प्रमुख धार्मिक तथा सांस्कृतिक स्थलों तक पहुंच आसान बनाते हैं। 17 हवाई अड्डों का राज्यव्यापी नेटवर्क घरेलू यात्रियों के समय को बचाता है। एक्सप्रेसवे और बेहतर सड़कों ने एक ही यात्रा में कई गंतव्यों को जोड़ना संभव किया। काशी, अयोध्या, प्रयागराज और लखनऊ जैसे सर्किट पर्यटन अवधि बढ़ा सकते हैं। इस समन्वित संपर्क ने होटल, आतिथ्य, परिवहन और आयोजन क्षेत्रों में निवेश की नई संभावनाएं पैदा कीं है।

पर्यटन की सफलता का दूसरा आधार सुरक्षा और सुव्यवस्था है। परिवार, महिलाएं और वरिष्ठ नागरिक उसी स्थान पर बार बार जाना पसंद करते हैं जहां उन्हें स्पष्ट मार्गदर्शन, स्वच्छता और भरोसेमंद व्यवस्था मिले। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार ने धार्मिक आयोजनों के प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, पुलिस सहायता और सार्वजनिक सुविधाओं पर जोर दिया। इससे बड़े आयोजनों में प्रदेश की प्रशासनिक क्षमता सामने आई। पर्यटन के बढ़ते आंकड़े बताते हैं कि सांस्कृतिक आस्था और शासन की तैयारी जब साथ आती है तो विरासत रोजगार, उद्यमिता और क्षेत्रीय समृद्धि का स्थायी स्रोत बनती है।

जरा हटके

पारिस्थितिक संतुलन ...

डॉ सीमा गुप्ता

बलरामपुर में हरित आवरण और जैव विविधता संरक्षणः एक समग्र शासकीय पहल

उत्तर प्रदेश के तराई अंचल में स्थित सीमावर्ती जनपद बलरामपुर में वन संपदा के संवर्धन, हरित आवरण के विस्तार और जैव विविधता के संतुलन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा एक सुदृढ़ कार्ययोजना का क्रियान्वयन किया गया है। शिवालिक पर्वतमाला की तलहटी और भारत-नेपाल सीमा से सटे इस भू-भाग में प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से वन संरक्षण, आर्द्रभूमि संवर्धन और वन्यजीव प्रबंधन को एक साथ जोड़कर सकारात्मक परिणाम प्राप्त किए गए हैं।

जनपद की पारिस्थितिक पहचान का प्रमुख केंद्र सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग है, जिसका एक विस्तृत भूभाग बलरामपुर जिले के अंतर्गत आता है। जिले के तुलसीपुर, हरैया, गैसड़ी, जनकपुर, भांभर और रामपुर वन क्षेत्रों में फैले इस सघन वन क्षेत्र को प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा और संवर्धन के केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। साल, असना, खैर और शीशम के घने वनों से आच्छादित यह क्षेत्र जैव विविधता की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील और महत्वपूर्ण माना जाता है।

तराई के इस वन क्षेत्र की सबसे विशिष्ट प्राकृतिक संपदा यहाँ बहने वाली 18 से अधिक प्रमुख पहाड़ी जलधाराएं और प्राकृतिक नाले हैं। शिवालिक पहाड़ियों से निकलने वाले ये जलस्रोत ग्रीष्मकाल में भी वन भूमि में नमी बनाए रखते हैं तथा वन्यजीवों और जलीय जीवों के लिए निर्बाध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करते हैं। प्रदेश सरकार द्वारा इन प्राकृतिक नालों और जलस्रोतों के संरक्षण हेतु कैचमेंट एरिया ट्रीटमेंट तथा चेकडैम निर्माण के कार्य कराए गए हैं, जिससे भूजल स्तर में निरंतर सुधार दर्ज हुआ है।

जनपद के मैदानी भागों और राप्ती नदी के कछार में मृदा क्षरण की रोकथाम तथा बाढ़ के प्रभाव को न्यूनतम करने के लिए व्यापक हरित पट्टी विकसित की गई है। इसके साथ ही, बलरामपुर के प्रमुख आर्द्रभूमि क्षेत्रों जैसे चंद्रताल, ओझहवा ताल और भुइला ताल का पारिस्थितिक पुनरुद्धार किया गया है। इन पारंपरिक जल निकायों के जलग्रहण क्षेत्रों को अतिक्रमण मुक्त कराकर देशी और प्रवासी पक्षियों के अनुकूल पर्यावास के रूप में सुरक्षित किया गया है, जिससे जनपद की आर्द्रभूमि पारिस्थितिकी सुदृढ़ हुई है।

हरित आवरण में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करने के लिए जनपद में 'वृक्षारोपण जन अभियान' तथा 'एक पेड़ माँ के नाम' जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं के तहत वृहद पौधारोपण किया गया है। ग्राम पंचायतों, सामुदायिक भूमियों, सड़क पटरियों और नहरों के किनारे शीशम, जामुन, अर्जुन, नीम, पीपल और बांस जैसी स्थानीय जलवायु अनुकूल प्रजातियों के पौधे रोपे गए हैं। रोपे गए सभी पौधों की सुरक्षा और वृद्धि दर की निगरानी के लिए 'हरीतिमा' डिजिटल पोर्टल के माध्यम से शत-प्रतिशत जियो-टैगिंग कराई गई है, जिससे पौधों की उत्तरजीविता दर में गुणात्मक सुधार हुआ है।

वन भूमि की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन और वन विभाग के संयुक्त प्रयासों से सोहेलवा प्रभाग में दशकों से लंबित अवैध कब्जों को हटाने के लिए विशेष विधिक अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत आरक्षित वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराकर वहां प्राकृतिक वनस्पति की पुनर्स्थापना की गई है। वन सीमाओं पर पिलर निर्माण और डिजिटल मैपिंग के जरिए भविष्य में होने वाले किसी भी प्रकार के अनधिकृत हस्तक्षेप पर पूर्ण विराम लगाया गया है।

वन्यजीवों की सुरक्षा और निगरानी के लिए आधुनिक तकनीक का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। सघन वन क्षेत्रों और संवेदनशील गलियारों में स्वचालित कैमरा ट्रैप स्थापित किए गए हैं। चौबीसों घंटे चलने वाली वायरलेस गश्त प्रणाली और त्वरित प्रतिक्रिया दलों की तैनाती से वन्यजीवों के अवैध शिकार और मानव-वन्य-जीव संघर्ष की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगा है। इन ठोस पहलों के फलस्वरूप क्षेत्र में तेंदुए, भालू, चीतल, सांभर, कांकड़ और जंगली सूअर की संख्या में निरंतर वृद्धि दर्ज की गई है।

भौगोलिक दृष्टि से सोहेलवा का वन क्षेत्र नेपाल के बांके और बर्दिया राष्ट्रीय उद्यानों से लगा हुआ है, जिससे यह एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव गलियारे के रूप में कार्य करता है। हाथियों और बाघों के सुरक्षित आवागमन के लिए इस प्राकृतिक गलियारे को निर्बाध बनाए रखने हेतु विशेष सुरक्षा उपाय किए गए हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में सशस्त्र सीमा बल और वन सुरक्षा बलों के बीच नियमित समन्वय बैठकें आयोजित कर सीमा पार वन्यजीव अपराधों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

बलरामपुर का यह वन क्षेत्र पक्षी प्रेमियों और शोधकर्ताओं के लिए भी एक समृद्ध प्राकृतिक प्रयोगशाला के रूप में उभरा है। यहाँ 400 से अधिक देशी और दुर्लभ प्रवासी पक्षी प्रजातियों का सुरक्षित बसेरा दर्ज किया गया है। सारस क्रेन, सफेद पीठ वाले गिद्ध और विभिन्न जलीय पक्षियों के घोंसलों वाले क्षेत्रों को विशेष रूप से चिह्नित कर मानवीय हस्तक्षेप से मुक्त रखा गया है, जिससे पक्षी विविधता के प्राकृतिक प्रजनन चक्र को नया संबल मिला है। पारिस्थितिक संतुलन के साथ-साथ सीमावर्ती थारू जनजाति और वनग्रामों के निवासियों के आर्थिक स्वावलंबन के लिए पर्यावरण संरक्षण को आजीविका से जोड़ा गया है। इको-विकास समितियों के माध्यम से स्थानीय युवाओं को प्रकृति पथप्रदर्शक (इको-गाइड) के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। वनों पर स्थानीय आबादी की निर्भरता कम करने के लिए वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों और स्थानीय हस्तशिल्प को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे वनों पर पड़ने वाला जैविक दबाव काफी हद तक कम हुआ है।

राज्य सरकार द्वारा सोहेलवा क्षेत्र को 'लेपर्ड सफारी' और एक प्रमुख इको-पर्यटन गंतव्य के रूप में चरणबद्ध ढंग से विकसित किया जा रहा है। प्राकृतिक स्वरूप को बिना कोई नुकसान पहुंचाए यहां नेचर ट्रेल्स, वॉच टावर और व्याख्या केंद्र जैसी आवश्यक जनसुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इस पहल से पर्यावरण संवेदी पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा। जनपद बलरामपुर में लागू की गई यह समन्वित नीति पर्यावरण संरक्षण, तकनीकी निगरानी और सामुदायिक सहभागिता का एक सफल प्रशासनिक प्रारूप प्रस्तुत करती है। प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग और जैव विविधता का वैज्ञानिक प्रबंधन सुनिश्चित करके जिला प्रशासन तराई अंचल के इस अनमोल प्राकृतिक खजाने को भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने की दिशा में निरंतर अग्रसर है।

सर्वोदय विद्यालयों में पढ़ाई के साथ एनसीसी प्रशिक्षण पर जोर

इटावा के कंधनी विद्यालय को मिली 80 सीट की नई जूनियर डिवीजन यूनिट

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ व्यक्तित्व विकास के अवसर भी दिए जा रहे हैं। इसी दिशा में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) से जोड़ा जा रहा है। विभागीय रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के सर्वोदय विद्यालयों में फिलहाल 344 छात्र-छात्राएं एनसीसी प्रशिक्षण से जुड़े हैं।

इसी क्रम में इटावा के जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय कंधनी को एनसीसी की 80 सीट वाली नई जूनियर डिवीजन यूनिट आवंटित की गई है। इस यूनिट के माध्यम से विद्यालय के विद्यार्थियों को एनसीसी प्रशिक्षण से जुड़ने का अवसर मिलेगा। प्रशिक्षण की आगे की प्रक्रिया एनसीसी के निर्धारित निर्देशों के अनुसार पूरी की जाएगी। विभाग के अनुसार बस्तौरा, रसड़ा (बलिया) में इस सत्र में 50 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इनमें से 44 कैडेट 10 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए भेजे गए हैं। इसके अलावा नगला हीरालाल, इटावा में 50 विद्यार्थी, भोजीपुरा, बरेली में 100, परसिया, मिर्जापुर में 66 और सर्वोदय बालिका विद्यालय मड़िहान, मिर्जापुर में 34 छात्राएं एनसीसी से जुड़ी हैं। इटावा के कंधनी विद्यालय में 80 सीट की नई यूनिट मिलने के बाद एनसीसी से जुड़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या और बढ़ने की संभावना है। इससे विद्यालय के छात्र-छात्राओं को नियमित पढ़ाई के साथ अनुशासन और नेतृत्व आधारित गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। एनसीसी प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को परेड और शारीरिक प्रशिक्षण के साथ शिविरों में भाग लेने का अवसर मिलता है।

योगी सरकार में 1,565 पीएम श्री स्कूलों में विद्यालय

अभिभावक और ग्राम समुदाय मिलकर गढ़ेंगे शिक्षा का नया परिवेश

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के पीएम श्री स्कूलों को शिक्षा के साथ जनभागीदारी और सामुदायिक सहभागिता के सशक्त केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। प्रदेश के 1,565 पीएम श्री स्कूलों में नवंबर में 'मेरा गांव–मेरा विद्यालय' कार्यक्रम का विशेष आयोजन किया जाएगा। 'मेरा गांव–मेरा विद्यालय' आयोजन के लिए 1,565 पीएम श्री स्कूलों के लिए कुल 46.95 लाख की वित्तीय सीमा निर्धारित की गई है। 'मेरा गांव–मेरा विद्यालय' कार्यक्रम के माध्यम से पीएम श्री स्कूलों को स्थानीय समुदाय से जोड़ने, अभिभावकों की सहभागिता बढ़ाने और बच्चों की प्रतिभा को मंच देने का प्रयास किया जा रहा है। विद्यालय, परिवार और ग्राम समुदाय की साझेदारी से तैयार यह पहल बच्चों की शिक्षा को सामाजिक सहयोग से जोड़ते हुए पीएम श्री स्कूलों को स्थानीय स्तर पर सीखने, सहभागिता और विकास के केंद्र के रूप में और भी सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

'मेरा गांव–मेरा विद्यालय' कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय को उसके सामाजिक परिवेश से जोड़ते हुए अभिभावकों, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों, शिक्षकों और अन्य स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इन्हें एक साझा मंच पर लाकर बच्चों की शिक्षा, नामांकन, ठहराव और सीखने की प्रक्रिया को और अधिक समृद्ध बनाया जाएगा।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **दिनांक 28.09.2026 को 15:00 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद, एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

1	निविदा सूचना संख्या		00902026 दिनांक 05.09.2026			
2	निविदा संख्या	1	04-Sr-DEN-VI-LKO-2026-27			
		2	05-Sr-DEN-VI-LKO-2026-27			
3	कार्य का नाम	1	वरि. मंडल इंजीनियर–VI के कार्यक्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रयाग के अंतर्गत SSE/P.Way/PRG सेक्शन में PFM, PLP, PRG और PYGS यार्ड में यार्ड में सुधार, लेआउट ठीक करने तथा टर्नआउट (T/outs) के मानकीकरण का कार्य।			
		2	वरि. मंडल इंजीनियर–VI के कार्यक्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रयाग के अंतर्गत SSE/P.Way/UCR सेक्शन में ARKA और UCR यार्ड में यार्ड में सुधार, लेआउट ठीक करने तथा टर्नआउट (T/outs) के मानकीकरण का कार्य।			
4	अनुमानित लागत	1	रु. 3,79,11,218.93	2	रु. 2,13,20,841.31	
5	धरोहर राशि	1	रु. 7,58,200.00	2	रु. 4,26,400.00	
6	कार्य की समापन अवधि	1	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह।			
		2	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह।			
7	निविदा डालने का प्रारंभ		01 & 02	14.09.2026		
8	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय		01 & 02	28.09.206 15:00 बजे		
9	वेबसाईट	www.ireps.gov.in				

नोटः– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3059/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सिंगल पैकेट पद्धति से ई– निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **23.10.2026** को **15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुवल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें. यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।
निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

	निविदा सूचना संख्या		01012026 दिनांक 29.09.2026			
1	कार्य का नाम					
	1	वरि० मण्डल अभियन्ता–तृतीय/उ०रे०/लख० के कार्य क्षेत्र 'इन–सीटू' वेल्डिंग के दौरान रेलवे वेल्डर को मदद करने का प्रावधान।				
	2	वरि० मण्डल अभियन्ता–तृतीय/उ०रे०/लख० के कार्य क्षेत्र सहायक मण्डल अभियन्ता–जौनपुर के अधीन यार्ड रिमॉडलिंग/एनआई के कार्य के बाद बचे हुए कार्यों के संबंध में ट्रैक का कार्य।				
	3	वरि० मण्डल अभियन्ता–तृतीय/उ०रे०/लख० के कार्य क्षेत्र सहायक मण्डल अभियन्ता–जौनपुर के अधीन यार्ड रिमॉडलिंग/एनआई के कार्य के बाद बचे हुए कार्यों के संबंध में सिविल का कार्य।				
	4	वरि० मण्डल अभियन्ता–तृतीय/उ०रे०/लख० के कार्य क्षेत्र में पुल संख्या 124–ए डाउन, 125 डाउन, 139 डाउन, 16 डाउन, 30 तथा 196 के गर्डर/स्लैब/रेल क्लस्टर को पी०एस०सी० स्लैब के साथ बदलने का कार्य।				
2	अनुमानित लागत	1	रू0 55,73,530.99	2	रू0 67,27,675.41	
		3	रू0 1,11,14,744.75	4	रू0 2,58,95,376.29	
3	धरोहर राशि	1	रू0 1,11,500.00	2	रू0 1,34,600.00	
		3	रू0 2,22,300.00	4	रू0 5,17,900.00	
4	कार्य की समापन अवधि	क्रम सं0 01 के लिए		स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह (12) माह।		
		क्रम सं0 02 तथा 03 के लिए		स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छह (06) माह।		
		क्रम सं0 04 के लिए		स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से आठ (08) माह।		
5	निविदा डालने का प्रारंभ	क्रम सं0 01 से 04 के लिए		09.10.2026		
6	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	क्रम सं0 01 से 04 के लिए		23.10.2026 15:00 बजे		
7	वेबसाईट	www.ireps.gov.in				

नोटः– 1. तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे सम्बन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नही किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रो को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ०रे० नयी दिल्ली का पत्र सं0 74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose दिनाँक 07–04–2015.

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3397/2026

कार्यालय नगरपालिका परिषद अकबरपुर अम्बेडकरनगर।

पत्रांक-3154/जलकल-निविदा (2026-27) दिनांक-30-09-2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर के समस्त पंजीकृत फर्म/पलम्बरों/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद अकबरपुर द्वारा मैनुअल विधि के माध्यम से रा०वि०आ०/ पालिका निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से पाइप लाइन विस्तार का कार्य कराये जाने हेतु निविदा आमांत्रित की जाती है। सील बन्द निविदायें दिनांक-01.10.2026 से दिनांक 15.10.2026 को समय 03:00 बजे अपरान्ह तक नगर पालिका कार्यालय से निर्धारित मूल्य पर नगद भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदायें निर्धारित तिथि दिनांक-16.10.2026 को समय 03:00 बजे अपरान्ह तक निविदा पेटिका में डाली जा सकती है। जो उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के समक्ष अपरान्ह 04:00 बजे निविदा खोली जायेगी। अन्य जानकारी नगर पालिका परिषद अकबरपुर जनपद-अम्बेडकरनगर कार्यालय से कार्य दिवस में की जा सकती है।

क्र० स०	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत	धरोहर धनराशि	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	वार्ड नं0-05 मो०-संघतिया में पम्प हाउस पर बोरिंग का पुर्नविकास का कार्य।	477782.00	9200	500	30 दिवस
2	वार्ड नं0-05 मो० संघतिया में पम्प हाउस की मरम्मत का कार्य।	442500.00	8900	450	30 दिवस
3	वार्ड नं0-05 संघतिया में लोरपुर रोड पर आलोक वर्मा के घर से शौचालय के सामने से मिश्रीलाल, राकेश सोनकर के घर होते हुए निन्कू सोनकर के घर तक 90 एमएम पाइप लाइन विस्तार का कार्य।	454576.00	9400	500	30 दिवस
4	वार्ड नं0-10 अहरिया मो०-सदरपुर में गौरव वर्मा के घर से शुभम् वर्मा के घर होते हुए जनार्दन वर्मा के घर तक पाइप लाइन विस्तार का कार्य।	322008.00	6500	350	30 दिवस
5	वार्ड नं0-01 नेहरूनगर में दुर्गा मंदिर/ हनुमान मंदिर से अजई पंडित के मकान व रामधन के मकान से बनवारी के मकान तक 90 एमएम पाइप लाइन विस्तार का कार्य।	256802.00	5000	250	30 दिवस
6	वार्ड नं0-01 नेहरूनगर में विजय कन्नौजिया के मकान से रग्धू व अनिल गौड़ के मकान तक 90 एमएम पाइप लाइन विस्तार का कार्य।	186772.00	3600	250	30 दिवस
7	वार्ड नं0-01 नेहरूनगर में अनिल गौड के मकान से कान्ता यादव के मकान होते हुए राधेश्याम चौहान के मकान तक 90 एमएम पाइप लाइन विस्तार का कार्य।	354404.00	7000	350	30 दिवस
8	वार्ड न0-12 अमरौला मो०- पुलिस चौकी के पीछे नई कालोनी कैलाश बिहारी के मकान से अरूण सोनकर के घर होते हुए राकेश सोनकर के प्लाट तक 90 एमएम पाइप लाइन विस्तार।	446530.00	8800	450	30 दिवस
9	वार्ड नं0-12 अमरौला मो०-मानस नगर कालोनी में भोला गुप्ता के मकान से सरस्वती मार्डन स्कूल तक 90 एमएम पाइप लाइन विस्तार का कार्य।	74830.00	1500	150	15 दिवस
10	वार्ड नं0-12 अमरौला मो० संघतिया जलालपुर रोड पर कैलाश वर्मा के घर से रामराज पाल के मकान से होते हुए श्रीनाथ पाल के घर तक 90 एमएम पाइप लाइन विस्तार।	308573.00	6100	300	30 दिवस
11	वार्ड न0-12 अमरौला में राधेश्याम राजभर के मकान से भीमसेन पटेल के मकान तक 90 एमएम पाइप लाइन विस्तार का कार्य।	225264.00	4500	250	30 दिवस
12	वार्ड नं0-12 अमरौला मो०-सम्मौपुर में अजय तिवारी के मकान से अमित वर्मा के मकान तक 90 एमएम पाइप लाइन विस्तार का कार्य।	260975.00	5200	250	30 दिवस
13	वार्ड नं0-22 कृष्णानगर में लवकुश मिश्र के मकान के सामने से कच्चा नाला तक 90 एमएम पाइप लाइन विस्तार का कार्य।	281931.00	5600	300	30 दिवस
14	वार्ड नं0-22 कृष्णानगर मो०-नई बस्ती में रफी अहमद के घर से टीनकू के घर तक 90 एमएम पाइप लाइन विस्तार का कार्य।	353752.00	7000	350	30 दिवस
15	वार्ड नं0-22 कृष्णानग्र मो०-शान्तीनगर में पम्प नं0-3 के सामने से राम विचार वर्मा के घर होते हुए विजय बहादुर यादव के घर होते हुए अम्बुज गुप्ता के घर तक 90 एमएम पाइप लाइन विस्तार का कार्य।	365122.00	7200	350	30 दिवस
16	वार्ड नं0-22 कृष्णानगर मो०-नई बस्ती के पास शरद दूबे जी के मकान से डा० आर०के० सिंह के घर तक 90 एमएम पाइप लाइन विस्तार का कार्य।	359437.00	6000	350	30 दिवस
17	वार्ड नं0-10 जलालपर रोड़ पर शेर अली के घर से राम अचल कन्नौजिया प्रधान के घर तक एवं सुग्रीव राजभर के घर से साधू वर्मा के घर तक 90 एमएम पाइप लाइन विस्तार कार्य।	492042.00	5800	500	30 दिवस
18	मो०-इल्तिफातगज रोड पर प्राथमिक विद्यालय से अखिलेश वर्मा घर तक दाए पटरी पर 90 एमएम पाइप लाइन विस्तार का कार्य।	372305.00	7400	400	30 दिवस
19	मो०-इल्तिफागंज रोड पर प्राथमिक विद्यालय से अखिलेश वर्मा के घर तक बाएं पटरी पर 90 एमएम पाइप लाइन विस्तार का कार्य।	372305.00	7400	400	30 दिवस

निविदा की शर्ते-

1. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
2. निविदा स्वीकृति उपरान्त जमानत धनराशि के साथ निर्धारित स्टाम्प पर अनुबन्ध करने की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। जमानत धनराशि एन.एस. सी./एफ.डी.आर./ के०वी०पी० जो अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद अकबरपुर के नाम बंधक होगी, स्वीकार की जायेगी।
3. निविदा के साथ धरोहर धनराशि एन.एस.सी. / एफ.डी.आर / के०वी०पी० के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। जो अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद अकबरपुर के नाम बंधक होगी।
4. सीलबन्द लिफाफे के ऊपर कार्य संख्या एवं कार्य का नाम लिखना अनिवार्य है।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद अकबरपुर
अम्बेडकरनगर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद अकबरपुर
अम्बेडकरनगर

आगरा में मां ने कढ़ी-चावल बनाकर खिलाया, हनुमान मंदिर में पूजा कर बेंगलुरु रवाना

एशियन गेम्स का गोल्ड जीतकर घर पहुंचीं दीप्ति

खुशी

तमसा संकेत, एजेंसी



आगरा। आगरा की रहने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा अपने घर पहुंची। एशियाई खेलों में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने के बाद अवधपुरी स्थित घर पहुंचते ही परिवार ने मिठाई खिलाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने परिवार के साथ समय बिताया। लंबे समय बाद बेटी के घर आने पर मां सुशीला शर्मा ने उनकी पसंदीदा कढ़ी-चावल बनाए। मां के हाथ का खाना खाकर दीप्ति ने परिवार के साथ पुरानी यादें ताजा कीं। परिवार के साथ बिताया यह समय उनके लिए खास रहा। भाई और कोच सुमित शर्मा समेत परिवार के सदस्यों के साथ उन्होंने एशियाई खेलों की जीत के अनुभव साझा किए। दीप्ति ने कहा कि देश के लिए गोल्ड जीतने का आनंद सबसे अलग होता है। इस दौरान आगे की क्रिकेट तैयारियों और आने वाले टूर्नामेंट को लेकर भी चर्चा हुई। 27 सितंबर को दीप्ति जब घर पहुंचीं, उसी दिन उनकी बड़ी बहन प्रगति की बेटी राधा का जन्मदिन भी था। ऐसे में परिवार में दोहरी खुशी का माहौल रहा। एक तरफ भांजी का जन्मदिन मनाया गया, वहीं दूसरी ओर कॉलोनी के लोगों ने दीप्ति का स्वागत और सम्मान किया। परिवार और मोहल्ले के लोगों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाईं।

एशियन गेम्स में 7 विकेट, एशिया कप में 14 विकेट

दीप्ति ने हाल के टूर्नामेंट में गेंद से भी शानदार प्रदर्शन किया है। एशियाई खेलों में उन्होंने 7 विकेट लिए, जबकि एशिया कप में 14 विकेट लेकर टीम इंडिया की जीत में अहम भूमिका निभाई। गोल्ड मेडल जीतने के बाद आगरा में मिला यह छोटा सा ब्रेक उनके लिए परिवार के साथ जुड़ने का मौका रहा। मां के हाथ का खाना, भांजी का जन्मदिन, परिवार का साथ और बजरंगबली के दर्शन ने इस प्रवास को खास बना दिया।

हर बड़े टूर्नामेंट से पहले मंदिर में दर्शन

29 सितंबर को बेंगलुरु रवाना होने से पहले दीप्ति घर के पास स्थित हनुमान मंदिर पहुंचीं। वह हनुमान जी की अनन्य भक्त हैं और बड़े टूर्नामेंट से पहले मंदिर में दर्शन करती हैं। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और टीम की सफलता के लिए प्रार्थना की। मंदिर में मौजूद लोगों ने भी दीप्ति को बधाई दी और उनके साथ फोटो खिंचवाई।

इसके बाद वह बेंगलुरु के लिए रवाना हो गईं। दीप्ति अब भारतीय टीम के जिम्बाब्वे दौरे के कैंप के लिए बेंगलुरु गई हैं। भारत का जिम्बाब्वे दौरा 16 अक्टूबर से शुरू होना है।

दौरे में तीन टी-20 और तीन वनडे मैच खेले जाएंगे। तीनों टी-20 मैच रायपुर में, जबकि तीनों वनडे मैच वडोदरा में खेले जाएंगे। कैंप के बाद भारतीय टीम जिम्बाब्वे के लिए रवाना होगी। इस दौरे में भी दीप्ति टीम की अहम खिलाड़ियों में शामिल रहेंगी।



दीप्ति को यूपी पुलिस में डीएसपी पद मिला था

2 साल पहले दीप्ति को यूपी पुलिस में डीएसपी पद मिला था। एशियन कप में शानदार जीत पर योगी सरकार ने तीन करोड़ की धनराशि भी दी थी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने दीप्ति को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में यह सम्मान दिया था। दीप्ति ने चीन में हुए एशियन गेम्स में महिला क्रिकेटर स्पर्धा में भारत को गोल्ड मेडल दिलवाया था। 2023 में बर्मिंघम में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में भी इंडियन वूमेन क्रिकेट टीम के साथ रजत पदक जीता था।

बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंचे विधायक श्यामधनी राही

कपिलवस्तु क्षेत्र के पांच गांवों का किया दौरा

तमसा संकेत, संवाददाता



सिद्धार्थनगर। विधानसभा क्षेत्र कपिलवस्तु के बाढ़ प्रभावित गांवों में बुधवार को विधायक श्यामधनी राही ने दौरा कर जमीनी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम सभा संगलदीप, धुसवाराजा, तालभिलौना, अमरिया और अजगरा पहुंचकर प्रभावित किसानों और ग्रामीणों से बातचीत की तथा बाढ़ से उत्पन्न समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान विधायक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को बाढ़ से फसलों को हुए नुकसान और अन्य क्षति का स्थलीय सर्वे कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्वे के आधार पर प्रभावित किसानों और परिवारों को नियमानुसार आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। विधायक श्यामधनी राही ने बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से उनकी परेशानियों के बारे में जानकारी ली। किसानों ने बाढ़ के कारण फसलों को हुए नुकसान और क्षेत्र में पैदा हुई अन्य समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रभावित गांवों में स्थिति पर लगातार नजर रखी जाए और ग्रामीणों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए जरूरी कदम समय से उठाए जाएं। सिद्धार्थनगर में हाल के दिनों में बाढ़ के कारण कई गांव प्रभावित हुए हैं और खेतों में पानी पहुंचने से धान समेत अन्य फसलों को नुकसान की स्थिति सामने आई है।

फास्ट न्यूज

आगरा के तुलसी अपार्टमेंट में फ्लैट में लगी आग

आगरा। आगरा के थाना कमला नगर क्षेत्र में मुगल रोड स्थित तुलसी अपार्टमेंट के एक फ्लैट में आग लग गई। हादसे के समय घर में महिला और दो बच्चे थे। आग की लपटें उठती देखकर वो घर से बाहर भागी। शोर सुनकर पड़ोसी आ गए। पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। हादसे में मकान में रखा सामान जल गया है।

महिला ने पति पर कराई एफआईआर

अलीगढ़। अलीगढ़ के तालानगरी क्षेत्र की एक महिला ने अपने पति पर उसकी तस्वीरों से छेड़छाड़ कर अश्लील फोटो बनाने और उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि पति ने ये तस्वीरें उसके रिश्तेदारों और परिचितों को भी भेजीं। महिला ने एसएसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। एसएसपी के निर्देश पर हरदुआगंज थाने में पति के खिलाफ FIR दर्ज कर ली गई है। महिला के मुताबिक, उसका पति से विवाद चल रहा है। घरेलू हिंसा का मामला कोर्ट में भी चल रहा है।

मुरादाबाद में रामगंगा और कोसी नदी उफान पर

मुरादाबाद। मुरादाबाद में लगातार बारिश के बाद ग्रामीण इलाकों में एक बार फिर बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। कोसी और रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से मुंढापांडे ब्लॉक के रनियाढेर, हिरनखेड़ा और गदाईखेड़ा समेत 6 से अधिक गांव प्रभावित हैं। कई गांवों के रास्ते पानी में डूब गए हैं। कई घरों में भी पानी घुस गया है। पानी भरने से ग्रामीणों की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो गई है।

शराब के नशे में विवाद के बाद युवक पर बैटरी का पानी फेंका

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। मोहनलालगंज पुलिस ने युवक के चेहरे पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर हमला करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने शराब के नशे में विवाद होने के बाद युवक पर बैटरी का पानी फेंक दिया था। घटना के बाद वह मौके से फरार हो गया था। पुलिस के अनुसार, कोडरा रायपुर निवासी उमेश कुमार ने 28 सितंबर को तहरीर देकर बताया था कि नामजद आरोपी ने उसके साथ मारपीट करने के बाद चेहरे पर ज्वलनशील पदार्थ डाल दिया और जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर मोहनलालगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया। सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी एवं मैनुअल साक्ष्यों और स्थानीय सूचना तंत्र की मदद से पुलिस ने 30 सितंबर को आरोपी दीपू पुत्र श्रीपाल, निवासी पितनाखेड़ा, थाना असोहा, उन्नाव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 26 सितंबर को वह उमेश की बाइक से कोडरा रायपुर से धनुवासाड़ गया था। वहां दोनों ने शराब पी।

नशे में विवाद होने पर मारपीट हुई और गुस्से में उसने उमेश पर बैटरी का पानी फेंक दिया। इसके बाद वह मौके से भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज मुकदमे में विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ उन्नाव के असोहा थाने में भी दो मुकदमे दर्ज हैं।

भाजपा विधायक को पाकिस्तानी नंबर से धमकी

बोला- इस्लाम के खिलाफ बोलना बंद करो, बम से उड़ा देंगे


तमसा संकेत, एजेंसी



मथुरा। मथुरा में भाजपा विधायक राजेश चौधरी को 28 सितंबर को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी भरी कॉल पाकिस्तान के नंबर से आई थी। फोन करने वाले ने खुद को आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का सदस्य बताया। कॉलर ने विधायक से टीवी चैनलों पर इस्लाम और मुसलमानों से जुड़े मुद्दों पर बोलना बंद करने को कहा। धमकी दी कि ऐसा नहीं किया तो उनके पूरे परिवार को बम से उड़ा दिया जाएगा। उसने इसे आखिरी चेतावनी बताते हुए फोन काट दिया। राजेश चौधरी ने 29 सितंबर को एसएसपी श्लोक कुमार से मुलाकात कर शिकायत की। उन्होंने पुलिस को घटना से जुड़े साक्ष्य भी दिए। एसएसपी ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। पुलिस कॉल डिटेल खंगाल रही है और एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। भाजपा विधायक का कहना है कि उन्हें पहले भी इस तरह की धमकियां मिल चुकी हैं। राजेश चौधरी मांट विधानसभा सीट से विधायक हैं। वह भाजपा के प्रवक्ता भी हैं। मथुरा के महोली रोड के वेस्ट प्रताप नगर में रहते हैं। उन्होंने बताया कि 28 सितंबर को उनके मोबाइल पर पाकिस्तान के नंबर से कॉल आई। पहली कॉल रात करीब 10:38 बजे आई। कॉल रिसीव कर ने पर दूसरी तरफ से आवाज आई- मैं लश्कर-ए-तैयबा का सदस्य बोल रहा हूं। कॉलर ने कहा- आप टीवी पर इस्लाम के खिलाफ बहुत ज्यादा बोलते हो। इस्लाम के खिलाफ बोलना बंद कर दो। आप कहां रहते हो, हमें पता है। अगर इस्लाम के खिलाफ बोलना बंद नहीं किया तो आपके पूरे परिवार को बम से उड़ा देंगे। इसके बाद कॉल काट दी गई। इसके बाद रात करीब 2:16 बजे विधायक के मोबाइल पर मिस्ड कॉल आई।

विधायक बोले- मैं धमकियों से नहीं डरता

राजेश चौधरी ने कहा कि उन्हें पहले भी कई बार ऐसी धमकियां मिल चुकी हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी धमकियों से वह डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वह जिहादियों से नहीं डरते और देश में मोदी और योगी का शासन है। उन्होंने कहा कि जो लोग देश में गजवा-ए-हिंद की सत्ता कायम करना चाहते हैं, वे अपने मंसूबों में कभी कामयाब नहीं होंगे।



धमकी देने वाले शख्स से फोन पर बात करते विधायक।

एएसपी आशना चौधरी ने बताया- विधायक को 28 सितंबर को एक अनजान नंबर से कॉल आई थी। फोन करने वाले ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। विधायक ने बताया है कि उन्हें पहले भी इस तरह की कॉल आ चुकी है। एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

अखिलेश के बिना सब सूना :बृजभूषण सिंह

सांसद संजय सिंह ने कहा- कांग्रेस अपनों से लड़ रही, सपा-कांग्रेस में सीट बंटवारे पर खींचतान

तमसा संकेत, एजेंसी



गोंडा/लखनऊ। यूपी में सपा-कांग्रेस में सीट बंटवारे पर खींचतान बढ़ती जा रही है। बुधवार को दिल्ली में बृजभूषण सिंह से सवाल किया गया कि कांग्रेस कह रही है कि यूपी में सपा के साथ गठबंधन में 150 सीटों से कम पर चुनाव नहीं लड़ेगी। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि अखिलेश के बिना सब कुछ सूना है। इधर, आम आदमी के सांसद संजय सिंह ने कहा- यूपी में कांग्रेस ने अखिलेश को तंग करके रखा है। आज मैंने बयान सुना कि कांग्रेस को 150 सीट चाहिए। कभी कहते हैं हम 403 पर लड़ेंगे, कभी कहते हैं 200 सीट चाहिए। तो भैया, तुम बीजेपी से लड़ रहे हो या सपा से? आप बीजेपी से लड़ रहे हैं न? तो बयानों से तो ऐसा लगता है कि सपा से ही लड़ रहे हैं। ऐसे ही यही हालात आपने तेजस्वी के सामने बना दिए थे। एक बार 77 सीट लेकर चले गए, उस बार बहुत सारी सीटें हार गए, 5 सीट से सरकार बनने से रह गई। दूसरी बार अंतिम तक तेजस्वी को लटका के रखा, उन्हें सीटें नहीं दीं। ज्यादातर सीटें ले लीं। उनको सीएम के तौर पर जल्दी अनाउंस नहीं किया। परिणाम क्या हुआ, आप जानते हैं। इस तरह की बातें जून से कही जा रही हैं। यूपी में कांग्रेस के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम के बयान से विवाद शुरू हुआ था। उन्होंने 28 जून को कहा था कि यूपी में कांग्रेस बड़ा भाई है। 2027 विधानसभा चुनाव में हम बराबर सीटों पर समझौता करेंगे। इसके बाद कांग्रेस सांसद इमरान मसूद के बयानों ने सरगर्मी को हवा दे दी। 21 सितंबर को इमरान मसूद ने कहा था- अखिलेशजी कितने एक्टिव हैं, उसके कोई मायने नहीं हैं। अगर गठबंधन करना है तो करें, वरना हम अपनी तैयारी में जा रहे हैं। कांग्रेस के बिना पूरे देश में कहीं माहौल नहीं है, तो कांग्रेस के बिना चलने की भी न सोचें। शाम को ही सपा सांसद इकरा हसन ने पलटवार किया। बोलीं- बिल्कुल बेवकूफी का बयान है। यूपी में भाजपा को सिर्फ अखिलेश यादव हरा सकते हैं। कांग्रेस अपने दम पर कुछ कर नहीं पाएगी। गठबंधन रहा तो अच्छा, नहीं रहा तो उनका नुकसान है, हमारा नहीं।

26 सितंबर को इमरान का एक बयान और आया। इसके बाद मामला थोड़ा बिगड़ता दिखा। उनके बयान के बाद उसी दिन शिवपाल और रामगोपाल जैसे बड़े नेताओं के बयान भी आने लगे।

2022 विधानसभा चुनाव में 2% वोट मिले थे



2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने किसी भी बड़े दल से गठबंधन नहीं किया था। पार्टी ने 399 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ा था। प्रचार अभियान प्रियंका गांधी वाड्रा के नेतृत्व में चला। उन्होंने लड़की हूं, लड़ सकती हूं का नारा दिया। महिलाओं को 40% टिकट दिए। इसके बावजूद कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद कमजोर रहा। वोट शेयर 2.33% पर सिमट गया। पार्टी को सिर्फ 2 सीटों पर जीत मिली। प्रतापगढ़ जिले की रामपुर खास विधानसभा सीट से आराधना मिश्रा 'मोना' और महाराजगंज जिले की फरेंदा विधानसभा सीट से वीरेंद्र चौधरी ने जीत दर्ज की। यह यूपी में कांग्रेस का अब तक का सबसे खराब विधानसभा प्रदर्शन था।

रक्तदान में योगदान के लिए एमआईईटी सम्मानित



तमसा संकेत, संवाददाता

मेरठ। नेशनल वॉलंटरी ब्लड डोनेशन डे के अवसर पर प्यारेलाल जिला अस्पताल, मेरठ द्वारा भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी एवं जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) को पिछले 10 वर्षों से नियमित रूप से रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एमआईईटी के डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. डॉ. हनी तोमर एवं संस्थान के मीडिया हेड अजय चौधरी को चीफ मेडिकल सुपरिटेंडेंट ने प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। यह सम्मान रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सामाजिक सरोकारों में संस्थान की निरंतर सहभागिता के लिए दिया गया। एमआईईटी के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन गौरव अग्रवाल, बरखा अग्रवाल और कैंपस निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह ने बधाई दी।

पृष्ठ 01 का शेष...

केंद्र सरकार ने रबी ...

इस योजना पर 1,86,405 करोड़ रुपए खर्च होंगे। योजना के तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 135 GW तक रिन्यूएबल एनर्जी के लिए इंट्रा-स्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम बनाया जाएगा। यह काम साल 2032-33 तक पूरा करने का लक्ष्य है। सरकार ने देश में सौर (सूरज) और पवन (हवा) ऊर्जा से बनने वाली साफ बिजली को बिना रुकावट घरों तक पहुंचाने के लिए यह फैसला लिया है। सूरज ढलने या हवा बंद होने पर अक्सर बिजली जाने का डर रहता है, इसलिए इस योजना के तहत भारी-भरकम बैटरियां लगाई जाएंगी, जो दिन की बिजली को रात में इस्तेमाल के लिए जमा करके रखेंगी।

संतों ने हिंदू समाज ...

हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। CM योगी ने कहा- महंत दिग्विजय नाथ की नेतृत्व में रामलला प्रकटीकरण अयोध्या में होता है। गुलामी के ढांचें को हटाने के लिए जब आरएसएस के सानिध्य में विश्व हिन्दू परिषद् ने राष्ट्रिय रामजन्म भूमि मुक्ति की समिति का गठन किया तो महंत अवैद्यनाथ जी महाराज ने उसे नेतृत्व दिया। संतों को साथ लेते हुए रामजन्म भूमि मुक्ति के लिए अपना पूरा समय और जीवन समर्पित कर दिया। योगी ने कहा- महंत दिग्विजयनाथ जहां हिन्दू समाज की एकता के प्रचंड हिंदुत्व के वेग को आगे बढ़ाने के पक्षधर थे। वहीं महंत अवैद्यनाथ जी महाराज उस प्रचंड वेग को आगे बढ़ाने के लिए बिखरी हुई हिंदू ताकत को फिर से एकजुट करने के लिए सामाजिक समता रूपी माहौल को एकजुट करने के लिए अहर्निश प्रयास किए। सहभोज का आयोजन उसी क्रम में किए गए अभियान का हिस्सा था। CM योगी ने कहा- जीवन में सिद्धि का सबसे बड़ा मंत्र स्थितरता होती है। वास्तव में जब हम इन दोनों पूज्य संतों के जीवन चरित्र को पढ़ते हैं। हम देखते हैं कि वह प्रेरणा स्रोत होता है। हमारी संस्कृति में यह कहा गया है कि जिसकी हम पूजा करते हैं। उसके अनुरूप बनने का प्रयास करना चाहिए। शिव की भक्ति का भी यही मतलब है। शिव की तरह शांत बनना। कोई भी जब लम्बे समय तक किसी सुखद अनुभूति के साथ आगे बढ़ता है तो अनेक प्रकार की विसंगतियां और विकृतियां उन्हें घेर लेती है। यह हिंदू समाज की ताकत है कि अपनी जीवंतता को बनाए रखने के लिए वह अपने विसंगतियां और विकृतियां परिमार्जन करने का सामर्थ्य भी अपने साथ जोड़ती है। CM योगी ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में 150 लोगों की समस्याएं सुनीं और समाधान के प्रति आश्वस्त किया। उन्होंने लोगों से कहा- चिंता मत करिए, सरकार हर व्यक्ति की समस्या का समाधान कराएगी। इस अवसर पर सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पूरी तत्परता और संवेदनशीलता से यह सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सबको न्याय मिले। हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। CM योगी ने बुधवार सुबह सबसे पहले गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन किया गया। इसके बाद गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर शीश झुकाकर आशीर्वाद लिया। साथ ही विशेष पूजा अर्चना की। साथ गोसेवा करने गोशाला में भी पहुंचे। यहां उन्होंने गायों और गोवंश को स्नेहिल भाव से गुड़ खिलाया। गोशाला में मुख्यमंत्री के साथ देश के अलग-अलग हिस्सों से आए संतजन भी उपस्थित रहे।साथ ही, राज्यों के अंदर बिजली के तारों और खंभों का एक नेटवर्क बनाया जाएगा, जिससे बिजली का नुकसान न हो, घरों में बिजली की कटौती बंद हो और सस्ती व साफ बिजली 24 घंटे बिना रुकावट मिलती रहे।

बंगाल : कांग्रेस ...

छहों आपराधिक मामलों में उन्हें 20-20 हजार रुपए का जमानती बॉन्ड जमा करना होगा। कोर्ट ने प्रधान को अपना मोबाइल नंबर जांच अधिकारी को देने का भी निर्देश दिया है। जांच अधिकारी उम्मीदवार को दिन में दो बार फोन कर सकेंगे। नंदीग्राम सीट मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने 2026 के विधानसभा चुनाव में जीती थी। उन्होंने कोलकाता की भवानीपुर सीट से भी जीत दर्ज की। इसके बाद सुवेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम सीट छोड़ दी। चुनाव आयोग ने इसी सीट पर उपचुनाव की घोषणा की। नंदीग्राम का पश्चिम बंगाल की राजनीति में खास स्थान रहा है। 2007 में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले जमीन अधिग्रहण विरोधी आंदोलन में सुवेंदु अधिकारी ने मदद की थी। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस ने 2011 में 34 साल पुरानी वाम मोर्चा सरकार को हटाकर सत्ता हासिल की। नंदीग्राम आंदोलन इस राजनीतिक बदलाव से जुड़े प्रमुख घटनाक्रमों में गिना जाता है। शुभेंदु अधिकारी ने 2021 के विधानसभा चुनाव में नंदीग्राम सीट पर ही ममता बनर्जी को 1,956 वोटों से हराया था।

पटाखों पर पूरी तरह ...

ये नए फॉर्मूले से बनाए गए जुड़े हुए पटाखे हैं। इनमें उत्सर्जन कम करने के लिए बेरियम साल्ट की मात्रा घटाई गई है। नोट में कहा गया कि इन खास पटाखों को तभी अनुमति दी जा सकती है, जब इन्हें लाइसेंस प्राप्त निर्माता ही बनाएं। उन्हें तय शोर सीमा और उत्सर्जन व सुरक्षा नियमों का पालन करना होगा। इन पटाखों में शोर की सीमा 125 dB(AI)/145 dB(C) पीक तय की गई है। इनमें प्रतिबंधित केमिकल भी नहीं होने चाहिए।

31 दिसंबर 2029 ...

मोगा विज्ञापन घोटाला: मोगा में विज्ञापन आवंटन में घपला हुआ है। पंजाब सरकार जनता के पैसे का दुरुपयोग कर रही है और सालाना 785 करोड़ रुपए सिर्फ अपने प्रचार और विज्ञापनों पर खर्च कर रही है। मैं जालंधर से बड़े मनपूर्वक पंजाब की माताओं को बहनों को बेटियों को कहने आया हूं हमने सब करके दिखाया है। एक मौका दे दो हम पंजाब को नशा मुक्त कर देंगे। हमें पंजाब कि चिट्टा मुक्त बनाने के लिए एक मौका दे दो। शाह ने कहा- भारतीय जनता पार्टी ने ये अभियान जो चलाया है ये हमारा राजनीतिक एजेंडा नहीं। पंजाब में हम एक ग्राम ड्रग नहीं बेचने नहीं देंगे और न ही दूसरे हिस्से में जाने देंगे। मित्रों भारतीय जनता पार्टी ये तभी कर सकती है जब पंजाब की हर मां-बहन और पंजाब के युवा एक मौका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देंगे। शाह ने कहा- मैं आज पूछने आया हूं सीएम पंजाब को, आज एनडीपीएस एक्ट में जेल नहीं हो रही। पंजाब सरकार ने नशे के व्यापारियों को नहीं पकड़ा। मुझे बता दें कि आपने एनकोर की कितनी मीटिंगें कीं। पंजाब ने 3 साल में एक भी मीटिंग नहीं की। हमने एनसीबी का आफिस खोलने को कहा लेकिन भगवंत मान ने मना कर दिया। मैंने कहा कि हम आनलाइन खोलेंगे। शाह ने कहा- मैं आज पूछने आया हूं सीएम पंजाब को, आज एनडीपीएस एक्ट में जेल नहीं हो रही। पंजाब सरकार ने नशे के व्यापारियों को नहीं पकड़ा। मुझे बता दें कि आपने एनकोर की कितनी मीटिंगें कीं। पंजाब ने 3 साल में एक भी मीटिंग नहीं की। हमने एनसीबी का आफिस खोलने को कहा लेकिन भगवंत मान ने मना कर दिया। मैंने कहा कि हम आनलाइन खोलेंगे। शाह ने कहा- मैं भगवंत मान को बताना चाहता हूं कि आपने नशे के व्यापार को और बढ़ाया है। मुझे बताओ जो दिल्ली में शराब बेचने के घोटाले में पकड़े गए हों, वो पंजाब को नशा मुक्त कर सकते हैं क्या। शाह ने कहा कि मैं भगवंत मान से पूछने आया हूं कि आप सालाना 785 करोड़ विज्ञापन पर खर्च कर रहे हैं। मैं आज भगवंत मान से पूछने आया हूं। आपके वादों का क्या हुआ। 25 लाख नौकरी देने वाले थे, क्या हुआ?। 16 हजार क्लीनिक स्थापित करने से कुछ नहीं होता। 16 मेडिकल कॉलेज नहीं बनाए। खनन की आय बढ़ाने वाले थे, और कम कर दी। 26 फसलों पर एमएसपी देने वाले थे, आपने नहीं दिया।

2025 में आखिरी आईपीएल मैच खेला, दिसंबर में लिया था क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास

मोहित शर्मा सीएसके के नए बॉलिंग कोच बनेंगे

मुकाबला

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज मोहित शर्मा चेन्नई सुपर किंग्स के नए बॉलिंग कोच होंगे। वे साउथ अफ्रीका के एरिक सिमंस की जगह लेंगे। मोहित हेड कोच जहीर खान के सपोर्ट स्टाफ में शामिल होने वाले पहले सदस्य होंगे।

38 साल के मोहित शर्मा ने IPL 2025 में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से अपना आखिरी IPL सीजन खेला था। उनका आखिरी मुकाबला 24 मई 2025 को पंजाब किंग्स के खिलाफ जयपुर में था। दिल्ली ने यह मैच 6 विकेट से जीता था। मोहित ने उस मुकाबले में 4 ओवर में 47 रन दिए और कोई विकेट नहीं लिया। मोहित ने बतौर खिलाड़ी करीब 14 साल का



प्रोफेशनल करियर पूरा किया। हरियाणा के लिए 2011 में फर्स्ट-क्लास डेब्यू से शुरू हुआ सफर भारत, CSK और दूसरी IPL टीमों तक पहुंचा।

CSK के लिए यह बदलाव इसलिए भी अहम है क्योंकि टीम ने 2027 सीजन से पहले जहीर खान को नया हेड कोच बनाया है। टीम 2023 के बाद लगातार तीन सीजन प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी है और इसी के बाद लंबे समय तक हेड कोच रहे स्टीफन फ्लेमिंग से अलग होने का फैसला हुआ।

सीएसके के लिए 4 सीजन खेले

मोहित शर्मा CSK के लिए चार IPL सीजन खेल चुके हैं। CSK के लिए उन्होंने IPL में 48 मैच खेले, जबकि अब खत्म हो चुकी चैंपियंस लीग टी-20 में भी टीम की ओर से 10 मुकाबले खेले। उन्होंने IPL करियर की शुरुआत 2013 में CSK के साथ की थी। 2014 में उन्होंने 16 मैचों में 23 विकेट लेकर पर्पल कैप जीती। 2013 के अपने पहले IPL सीजन में भी उन्होंने 15 मैचों में 20 विकेट लिए थे। बाद में वह पंजाब, दिल्ली और गुजरात के लिए भी खेले। IPL 2023 में गुजरात टाइटंस के लिए 14 मैचों में 27 विकेट लेकर उन्होंने शानदार वापसी की थी। वह उस सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज से सिर्फ एक विकेट पीछे रहे थे।

पिछले साल लिया था सभी फॉर्मेट से संन्यास

मोहित ने भारत के लिए 26 वनडे और 8 टी-20 इंटरनेशनल खेले। उनका इंटरनेशनल करियर 2013 से 2015 तक रहा। वह 2015 वनडे वर्ल्ड कप में भारतीय टीम का हिस्सा भी थे और टूर्नामेंट में 8 मैचों में 13 विकेट लिए थे। उनका आखिरी वनडे 25 अक्टूबर 2015 को साउथ अफ्रीका के खिलाफ मुंबई में था। उस मैच में उन्होंने 7 ओवर में 84 रन देकर 1 विकेट लिया। भारत यह मैच 214 रन से हार गया था। टी-20 इंटरनेशनल में उनका आखिरी मैच 5 अक्टूबर 2015 को साउथ अफ्रीका के खिलाफ कटक में था। भारत यह मैच 6 विकेट से हार गया था। मोहित ने उस मैच में 4 ओवर में 40 रन दिए और कोई विकेट नहीं लिया। मोहित ने 3 दिसंबर 2025 को क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा की थी।



विराट कोहली के साथ खेलना मजेदार : रोहित

दोनों का लक्ष्य 2027 वर्ल्ड कप जीतना है

नई दिल्ली, एजेंसी

2027 वनडे वर्ल्ड कप विराट कोहली और रोहित शर्मा के लिए आखिरी ICC टूर्नामेंट होगा। रोहित ने वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले दूसरे वनडे से पहले जियोस्टार से बातचीत में कोहली पर बात की है। रोहित ने कहा- 'जब से हमने शुरुआत की थी, तब से अब तक कुछ नहीं बदला है। मैदान पर खुद को पेश करने के मामले में हम दोनों अलग हैं। टीम को लेकर हमारी सोच लगभग एक जैसी है। हमारा लक्ष्य वर्ल्ड



कप जीतना है।' रोहित ने बताया कि दोनों के बीच वर्ल्ड कप की अहमियत पर चर्चा नहीं होती। उन्होंने कहा- 'हमारे बीच चर्चा इस बात पर होती है कि हम क्या कर सकते हैं।' उन्होंने कहा- 'जब हम साथ बल्लेबाजी कर रहे होते हैं, तो चर्चा होती है कि किस गेंदबाज पर हमला करना है, किससे सिंगल लेना है और क्या करना है।' रोहित की कप्तानी में भारत 2023 वर्ल्ड कप के फाइनल तक पहुंचा था। हालांकि, टीम को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार मिली थी।

4x400 मीटर विमेंस रिले रेस में सोना जीता, गुलवीर की हैट्रिक

भारत को एशियन गेम्स में छठा गोल्ड

नगोया, जापान। भारत ने एशियन गेम्स के 4x400 मीटर महिला रिले रेस में गोल्ड जीत लिया है। टीम ने 3 मिनट 29.69 सेकेंड में रेस पूरी की। इसके साथ ही एशियन गेम्स में भारत को 6 गोल्ड मिल गए हैं।

मंगलवार को भारतीय टीम ने एशियन गेम्स में लगातार छठी बार 50 मेडल का आंकड़ा भी पार किया। एशियन गेम्स हर 4 साल में होते हैं और 2006 से भारत हर बार 50 या ज्यादा मेडल जीत रहा है। इससे पहले गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर रेस में 13 मिनट 32.75 सेकेंड के समय के साथ ब्रॉन्ज जीता। वे 10 हजार और 1500 मीटर में सिल्वर जीत चुके हैं। वे मेडल की हैट्रिक



करने वाले पहले भारतीय पुरुष धावक बने। इधर, नीरू ढांडा ने विमेंस ट्रैप शूटिंग में गोल्ड जीता।

10 दिन पहले फ्लू की वजह से अस्पताल में भर्ती रहीं नीरू इस इवेंट में गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

10 दिन पहले अस्पताल में भर्ती थी

10 दिन पहले जब नीरू फ्लू की वजह से हॉस्पिटल में एडमिट थीं, तो 5 दिनों तक कुछ खा-पी नहीं पाई थीं।

तब उनके कोच मनशेर सिंह ने उन्हें बीमारी भुलाकर अपना सब कुछ झोंक देने के लिए प्रेरित किया था।

जीत के बाद नीरू ने कहा, 'मनशेर सर ने बस यही कहा कि जो हुआ उसे भूल जाओ और निशाने पर ध्यान लगाओ, और मैंने वही किया।' एशियन गेम्स के 10वें दिन भारत ने 8 मेडल जीते। टीम के कुल मेडल 53 हो गए हैं और मेडल टेबल में 10वें स्थान पर है।

इंडिया-ए के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की वापसी

दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट में सैम हार्पर ने शतक लगाया, नचिकेत और मुलानी को 3-3 विकेट

पुडुचेरी, एजेंसी

इंडिया-A के खिलाफ दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया-A ने वापसी कर ली है। पुडुचेरी में पहले दिन ऑस्ट्रेलिया A ने 7 विकेट पर 282 रन बनाए। टॉस जीतकर बल्लेबाजी कर रही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 104 रन पर 5 विकेट गंवा चुकी थी, लेकिन विकेटकीपर-बल्लेबाज सैम हार्पर ने नाबाद 101 रन की पारी खेलकर टीम को संभाल लिया। भारत के नचिकेत भूटे और शम्स मुलानी ने 3-3 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया A ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी, लेकिन विदर्भ के तेज गेंदबाज नचिकेत भूटे और मुंबई के बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने 16 रन पर ही 3 विकेट गिरा दिए। इसके बाद नाथन मैकस्वीनी और जेसन सांघा ने चौथे विकेट के लिए 81 रन जोड़े। सांघा 46 रन बनाकर मुलानी



की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद मैकस्वीनी भी 34 रन पर पवेलियन लौट गए और ऑस्ट्रेलिया A का स्कोर 104/5 हो गया। हार्पर ने स्पिनरों के खिलाफ पैरों का इस्तेमाल करते हुए आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंने 65 गेंदों में अर्धशतक और 146 गेंदों में शतक पूरा किया। भारत

हार्पर ने संभाली पारी

104/5 के बाद हार्पर ने पारी को संभाला। लियाम स्कॉट ने 82 गेंदों पर 34 और टॉड मर्फी ने 91 गेंदों पर 33 रन बनाए। दोनों के साथ साझेदारियों ने हार्पर को क्रीज पर टिकने का मौका दिया।

हार्पर ने पहले लियाम स्कॉट के साथ छठे विकेट के लिए 84 रन और फिर टॉड मर्फी के साथ सातवें विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी की। दिन का खेल खत्म होने तक हार्पर 146 गेंदों में अपना छठा फर्स्ट-क्लास शतक पूरा कर चुके थे। उनकी पारी में 7 चौके और 3 छक्के शामिल हैं।

A के लिए विकेट मिलने के बावजूद नो-बॉल चिंता का कारण रही। भूटे ने 7 नो-बॉल फेंकी, जबकि मुलानी ने 28 ओवर में 14 नो-बॉल कराईं। पहले अनऑफिशियल टेस्ट में




भी मुलानी ने 34.1 ओवर में 9 नो-बॉल फेंकी थीं। हालांकि उस मैच में उन्होंने 7 विकेट लेकर 124 रन दिए थे।

मनोरंजन

साध्वी हर्षा ने शंकराचार्य को 'दोगला', 'तथाकथित संत' बताया

बोलीं- अंजलि अरोड़ा की मां सीता किरदार पर चुप्पी क्यों?



उज्जैन। मॉडल से साध्वी बनीं हर्षा रिछारिया उर्फ हर्षानंद गिरि ने वीडियो जारी कर शंकराचार्य और संतों को तथाकथित संत, समाज का ठेकेदार और दोगला बताया। वीडियो में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, महाराज अलीनानंद, निरंजनी अखाड़ा पीठाधीश्वर स्वामी आनंद स्वरूप, महामंडलेश्वर मां योग योगेश्वरी और आचार्य तन्मय वेद के दातार की तस्वीरें भी लगाईं। हर्षा ने वीडियो जारी कर कहा- जिन संतों ने उनके हर कदम पर अपमान किया। मेरे मंच संचालन और एंकरिंग पर सवाल उठाए। उन्हें सनातन धर्म को बदनाम करने वाला बताया। मुझे 'नचनिया' और 'पाखंडी' तक कहा। वही संत अब अंजलि अरोड़ा के मां सीता की भूमिका निभाने पर चुप हैं। यह दोगलापन नहीं है तो क्या है।



सलमान ने पैपराजी से कर ली सुलह

कुछ घंटे पहले नजरअंदाज किया, फिर दिए पोज, ऐश्वर्या ने पैप्स के साथ तस्वीरें क्लिक करवाईं

मुंबई। लमान खान मंगलवार देर रात मुंबई के एक रिकॉर्डिंग स्टूडियो के बाहर स्पॉट किए गए। टीवी शो बिग बॉस में पैपराजी की आलोचना के बाद उन्होंने पहली बार रुककर फोटोग्राफर्स को पोज दिए। सलमान काउबॉय लुक में नजर आए। उन्होंने जींस, ब्लैक शर्ट और सिर पर हैट पहनी थी। स्टूडियो पहुंचने पर उनके साथ सिक्योरिटी टीम भी थी। अंदर जाने से पहले सलमान रुके और पैपराजी को तस्वीरें लेने दीं। सलमान पैपराजी के पास आने का इंतजार करते दिखे। वहीं, सलमान को इससे पहले सोमवार को बांद्रा में स्पॉट किया गया था और वह बिना रुके सीधे कार में जाकर बैठ गए थे। सलमान ने एक नजर पैपराजी की ओर देखा और तुरंत नजरें फेरते हुए आगे बढ़ गए थे। उन्होंने महिलाओं से ऐसे मामलों में विरोध करने की अपील की। सलमान ने कहा कि बिग बॉस के घर में 108 कैमरे लगे हैं, लेकिन वहां महिलाओं को गलत एंगल से शूट नहीं किया जाता। ऐश्वर्या राय बच्चन मंगलवार रात पेरिस फैशन वीक से लौटकर भारत पहुंचीं। एयरपोर्ट पर उन्होंने इंतजार कर रहे पैपराजी से बात भी की। ऐश्वर्या ने पैपराजी को साथ में फोटो लेने के लिए बुलाया। उन्होंने एक फैन को ऑटोग्राफ भी दिया और फिर सभी के साथ ग्रुप फोटो खिंचवाई।

भारत लौटते समय ऐश्वर्या ने सिंपल और बड़ा ट्रेंच कोट पहना था। इसके साथ उन्होंने ओवरफ्लेयर जींस और टॉप पहना। ऐश्वर्या पेरिस फैशन वीक में इंडस्ट्री के कई बड़े नामों के साथ



शामिल हुई थीं। इनमें उनकी करीबी दोस्त ईवा लॉन्गोरिया भी थीं। कारा डेलेविंग्ने, एंडी मैकडॉवेल, मीका अब्दाला और सिमोन एशली भी वहां मौजूद थीं। इनके अलावा कई अन्य सितारे भी फैशन वीक में पहुंचे। फैशन इवेंट के लिए ऐश्वर्या ने 3D फ्रिंज एम्ब्रॉयडरी वाला ब्लैक वेलवेट गाउन पहना था। उन्होंने इसके साथ क्रिस्टल से सजा लंबा वेलवेट केप पहना।

सलमान ने पैपराजी के रवैये पर नाराजगी जताई थी

'बिग बॉस 20' में सलमान खान ने पैपराजी पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने महिलाओं की तस्वीरें और वीडियो गलत एंगल से लेने पर सवाल उठाए थे। सलमान ने कहा था कि कई बार कैमरे महिलाओं की टांगों और पीछे से तस्वीरें लेने पर फोकस करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई महिला इससे असहज है, तो उसे इसका विरोध करना चाहिए। सलमान ने सई मांजरेकर और नेहा धूपिया का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि नेहा भी ऐसे मामलों में पैपराजी पर नाराज हो चुकी हैं। सलमान ने सवाल किया कि महिलाओं की ऐसी तस्वीरों के साथ 'पहचानो ये कौन है'।

बिना अनुमति वीडियो इस्तेमाल करने का आरोप, सीईओ बोले- खुद को शिक्षित करें


उर्वशी रौतेला ने एआई कंपनी से मांगा ₹7,000 करोड़ हर्जाना

नई दिल्ली। उर्वशी रौतेला की टीम ने मंगलवार को एक लॉस एंजिलिस स्थित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी बॉलीवुड.AI पर कानूनी कार्रवाई की बात कही। टीम का आरोप है कि कंपनी ने एक्ट्रेस की अनुमति के बिना उनका नाम, तस्वीरें और वीडियो इस्तेमाल किए।

टीम ने बताया कि इस मामले में 7,000 करोड़ के हर्जाने का दावा किया जा रहा है।

बॉलीवुड.AI के फाउंडर और CEO शीराज हसन ने इस दावे को हास्यास्पद बताया। दरअसल, यह पूरा मामला तब शुरू हुआ जब बॉलीवुड.AI ने उर्वशी रौतेला का एक इंटरव्यू लिया। इंटरव्यू के दौरान उनसे पूछा गया था, बॉलीवुड और

बयान में कहा गया, हम उचित कानूनी उपाय अपना रहे हैं। इसमें लॉस एंजिलिस स्थित कंपनी से फिलहाल 7,000 करोड़ के हर्जाने की मांग शामिल है। टीम ने आगे कहा, अपनी एआई कंपनी बनाइए। अपना ब्रांड बनाइए। लेकिन अनुमति के बिना उर्वशी का नाम अपने कारोबार में शामिल न करें। टीम उर्वशी।"



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पर आपके क्या विचार हैं? उर्वशी ने इसका जवाब देते हुए कहा, बॉलीवुड? मुझे लगता है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कुछ ऐसा है जिससे बॉलीवुड जूझ रहा है और बॉलीवुड कुछ ऐसा है जिसे मैं प्यार करती हूं।

इसलिए मैं बॉलीवुड से प्यार करती हूं। इस इंटरव्यू के वायरल होने के बाद, मंगलवार को टीम उर्वशी रौतेला ने इंस्टाग्राम पर एक आधिकारिक बयान जारी कर लॉस एंजिलिस की इस AI कंपनी पर गंभीर आरोप लगाए।

इनकम टैक्स जांच के बीच वाशु भगनानी की बिगड़ी तबीयत

रकुल प्रीत सिंह के ससुर लंदन में भर्ती

नई दिल्ली। फिल्म निर्माता वाशु भगनानी लंदन के एक अस्पताल में भर्ती हैं। यह जानकारी मंगलवार को दी। वाशु ब्रिटेन में रहते हैं। उनकी तबीयत खराब होने की वजह अभी सामने नहीं आई है। ANI के मुताबिक, संपर्क करने पर उन्होंने अकेला छोड़ने को कहा। वाशु के अस्पताल में भर्ती होने की खबर आयकर विभाग की कथित तलाशी के कुछ दिन बाद आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, विभाग ने वाशु और उनकी बहू और एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह से जुड़े 12 ठिकानों पर तलाशी ली थी। सोमवार को टीवी9 ने बताया था कि आयकर विभाग ने संदिग्ध फंड गड़बड़ी को लेकर 12 ठिकानों पर तलाशी शुरू की है। रिपोर्ट के मुताबिक, जांच इस बात की भी हो रही है कि फिल्म प्रोजेक्ट्स की फंडिंग के नाम पर कथित तौर पर पैसा विदेश भेजा गया या नहीं। कई टीमों के दस्तावेज, वित्तीय रिकॉर्ड और कथित विदेशी लेन-देन की जांच करने की बात कही गई थी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि आयकर विभाग ने कुमार मंगत की अगुआई वाले पैनोरमा स्टूडियोज से जुड़े ठिकानों पर



भी तलाशी ली। वहीं, वाशु और रकुल ने आयकर विभाग की तलाशी की खबरों पर अब तक कोई रिएक्शन नहीं दिया। वाशु भगनानी हिंदी फिल्म इंडस्ट्री का जाना-पहचाना नाम हैं। उन्होंने 1986 में पूजा एंटरटेनमेंट की शुरुआत की थी। वहीं, 1995 में गोविंदा की फिल्म 'कुली नंबर 1' से उन्होंने बतौर निर्माता करियर शुरू किया था। इसके बाद उन्होंने 'हीरो नंबर 1', 'बीवी नंबर 1', 'प्यार किया तो डरना क्या' और 'रहना है तेरे दिल में' जैसी कई फिल्में बनाईं।

मिडटर्म चुनाव से पहले सही फैसला लेने को कहा, परमाणु हथियार बनाने के दावे से भी इंकार

ट्रम्प भरोसे के लायक नहीं : ईरान

अपील

तेहरान/वॉशिंगटन, एजेंसी

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने अमेरिकी वोटरों के नाम 25 पेज की खुली चिट्ठी जारी की है। इसमें राष्ट्रपति ट्रम्प को भरोसे के लायक नहीं बताया गया है और अमेरिकी लोगों से सोच-समझकर फैसला लेने की अपील की गई है। IRGC की यह चिट्ठी अमेरिका में होने वाले मिडटर्म चुनाव से करीब 5 हफ्ते पहले आई है। मिडटर्म चुनाव में अमेरिकी संसद के दोनों सदनों के लिए वोटिंग होती है। मिडटर्म चुनाव में हार से संसद में ट्रम्प की ताकत कम हो सकती है। उन्हें अपने फैसले पास कराने के लिए विपक्षी पार्टी का समर्थन लेना पड़ सकता है। अमेरिका और ईरान के बीच जारी



युद्ध को लेकर ट्रम्प ने पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा था कि अगर वह चाहें तो ईरान को पूरी तरह तबाह कर सकते हैं। अमेरिका का कहना है कि ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकना युद्ध के प्रमुख उद्देश्यों में शामिल है। IRGC ने होर्मुज स्ट्रेट को लेकर अमेरिकी दावों पर भी सवाल उठाए।

आईआरजीसी की चिट्ठी में 3 बड़ी बातें

- **अमेरिका युद्ध में अपना मकसद हासिल नहीं कर पाया**
  IRGC का दावा है कि इस युद्ध में अमेरिका-इजराइल के सत्ता परिवर्तन, परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम खत्म करने जैसे लक्ष्य पूरे नहीं हुए।
- **'डेथ टू अमेरिका' अमेरिकी जनता के खिलाफ नहीं**
  पत्र में कहा गया कि डेथ टू अमेरिका का नारा अमेरिकी शासक वर्ग और व्हाइट हाउस के खिलाफ है, आम अमेरिकियों के खिलाफ नहीं है।
- **अमेरिका से सैन्य दखल कम करने की मांग**
  IRGC ने अमेरिकी जनता से इजराइल को समर्थन और क्षेत्र में सैन्य हस्तक्षेप का विरोध करने की अपील की है।

ईरानी मुद्रा रियाल डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंची

अमेरिका से जारी युद्ध के बीच ईरान की अर्थव्यवस्था पर भी दबाव बढ़ रहा है। मंगलवार को ईरानी मुद्रा रियाल डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई। रिपोर्ट के मुताबिक, तेहरान में एक डॉलर की कीमत 25 लाख रियाल से ज्यादा हो गई। यानी एक तरफ ईरान अमेरिकी लोगों से ट्रम्प सरकार की युद्ध नीति का विरोध करने की अपील कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ युद्ध का असर उसकी अपनी अर्थव्यवस्था पर भी दिख रहा है।



संसद में ट्रम्प के लिए बहुमत बचाना जरूरी है

अमेरिका में 3 नवंबर को मिडटर्म चुनाव होने हैं। ये चुनाव राष्ट्रपति चुनाव के बीच में होते हैं। इनमें अमेरिकी लोग संसद यानी कांग्रेस के दोनों सदनों - हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स और सीनेट के लिए प्रतिनिधि चुनते हैं।

इन चुनावों से यह तय होता है कि अगले दो साल में अमेरिकी संसद में किस पार्टी की ताकत कितनी रहेगी। सीनेट में 100 सदस्य होते हैं। इस बार 35 सीटों पर चुनाव होने हैं।

वहीं हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में 435 सीटों पर चुनाव होने हैं। अभी रिपब्लिकन पार्टी के पास सीनेट में 53 सीटें हैं। जबकि हाउस में 218 सीटें हैं। अगर ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी ये चुनाव हार जाती है तो संसद में ट्रम्प के लिए बिल पास कराना बहुत मुश्किल हो जाएगा।

> ईरान का अमेरिकी लोगों तक सीधे पहुंचने का तरीका नया नहीं है। वियतनाम युद्ध के दौरान त्रिन्ह थी न्गो नाम की वियतनामी रेडियो प्रसारक अंग्रेजी में अमेरिकी सैनिकों के लिए कार्यक्रम करती थीं।

चैरिटी कमिश्नर तक पहुंची नोएल टाटा की शिकायत

वेणु श्रीनिवासन ने चेयरमैनशिप पर सवाल उठाए

नई दिल्ली, एजेंसी

टाटा ग्रुप में लीडरशिप और गवर्नेंस को लेकर विवाद बढ़ गया है। टाटा ट्रस्ट्स के जॉइंट नॉमिनी डायरेक्टर वेणु श्रीनिवासन ने सवाल उठाया कि नोएल टाटा चेयरमैन बने रहने के साथ-साथ ग्रुप की मुख्य ऑपरेटिंग होल्डिंग कंपनी 'टाटा संस' के मामलों में कैसे शामिल हो सकते हैं। इकोनॉमिक टाइम्स के मुताबिक, श्रीनिवासन ने महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर को चिट्ठी लिखकर नोएल को हमेशा के लिए ट्रस्टी और चेयरमैन बनाए रखने पर आपत्ति जताई है। इसके अलावा, उन्होंने नोएल के बेटे नेविल टाटा को ट्रस्टी बनाए जाने के फैसले पर भी सवाल उठाए हैं। श्रीनिवासन के अनुसार, टाटा ट्रस्ट्स अब समाजसेवा के अपने मुख्य काम से भटककर कंपनियों के बिजनेस फैसलों में दखल दे रहा है। ट्रस्टी



खुद बड़े कारोबारी सौदों को तय करने, बातचीत करने और उन्हें फाइनल कराने में लगे हैं, जो कि चैरिटी ट्रस्ट के नियमों के खिलाफ है। टाटा संस की लिस्टिंग को टालने के लिए नोएल टाटा RBI के नियमों के तहत ही रास्ता तलाश रहे हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में नोएल टाटा ने कहा, रहमने टाटा संस को एक संभावित समाधान भेजा है, जो हमारे विचार से RBI के मौजूदा गाइडलाइंस के दायरे में आता है। हम चाहते हैं कि टाटा संस इस पर विचार करे और जरूरत पड़े तो RBI के साथ बातचीत करे।

फास्ट न्यूज

ट्रम्प ने एआई का नाम बदलकर सुपर इंटेलिजेंस किया

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में बड़ी टेक कंपनियों के CEO के साथ बैठक की। बैठक में AI की सुरक्षा और निगरानी को लेकर गूगल, एंथ्रोपिक, मेटा, ओपनएआई, X-AI और एनवीडिया के CEO ने एक समझौते पर साइन किए। इस दौरान ट्रम्प ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का नाम बदलकर सुपर इंटेलिजेंस (SI) करने वाले एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए।

सेंसेक्स 300 और निफ्टी 20 अंक ऊपर

नई दिल्ली। शेयर बाजार में आज यानी 30 सितंबर को तेजी है। सेंसेक्स करीब 300 अंक की तेजी के साथ 72,800 के पार कारोबार कर रहा है। निफ्टी 20 अंकों की बढ़त के साथ 22,750 के स्तर पर है। आज के कारोबार में मीडिया और IT शेयर्स में सबसे ज्यादा खरीदारी है। वहीं फार्मा और मेटल में बिकवाली। सिविल इंजीनियरिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र की कंपनी विशाल निर्मिति और ज्वैलरी सेगमेंट की कंपनी नित्यास जेम्स एंड ज्वैलरी का IPO आज से ओपन होगा। निवेशक इसमें 5 अक्टूबर तक बोली लगा सकेंगे।

ईरान में 25 लाख रियाल के बराबर 1 डॉलर

तेहरान। ईरान की करेंसी रियाल मंगलवार को अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई। 1 डॉलर खरीदने के लिए 25 लाख रियाल देने पड़ रहे हैं। जंग शुरू होने से पहले 27 फरवरी को 1 डॉलर के बदले करीब 17 लाख रियाल मिल रहे थे। यानी कि सिर्फ 7 महीने में ईरान की करेंसी करीब 50 फीसदी तक गिर गई है।

सोना ₹712 और चांदी ₹673 महंगी

लगातार 2 दिन की गिरावट के बाद रिकवरी

नई दिल्ली, एजेंसी

सोने-चांदी की कीमतों में आज लगातार दो दिन की गिरावट के बाद तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 712 रुपए बढ़कर 1,48,379 रुपए पर आ गया। इससे पहले 29 सितंबर को यह 1,47,667 रुपए पर था। वहीं, एक किलो चांदी 673 रुपए बढ़कर 2,22,273 रुपए पर आ गई है, जो मंगलवार को 2,21,600 रुपए पर थी। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 15,180 रुपए महंगा हो चुका है। वहीं, चांदी 8,147 रुपए सस्ती हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10g सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो



अब 1.48 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.22 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था। सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें: हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (BIS) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें।

दूसरे पायलट-यात्रियों ने रोका, हाईजैक अलर्ट के बाद लैंडिंग, 180 यात्री सवार थे

दावा: पायलट ने दुबई-तेल अवीव फ्लाइट क्रैश करने की कोशिश की

रियाद, एजेंसी


दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की फ्लाइट में एक पायलट के विमान क्रैश करने की कोशिश करने का दावा सामने आया है। टाइम्स ऑफ इजराइल के एक पत्रकार के मुताबिक, दूसरे पायलट और कुछ यात्रियों ने हाथापाई कर उसे रोक लिया। इसके बाद विमान से हाईजैक का अलर्ट भेजा गया, जिसके बाद इजराइल ने फाइटर जेट भेजे। विमान ने रास्ता बदलकर सऊदी अरब के ताबुक एयरपोर्ट पर लैंडिंग की। पायलट के विमान क्रैश करने की कोशिश के दावे की अभी पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि, इजराइली अधिकारियों ने



विमान में पायलटों के बीच हाथापाई की घटना की पुष्टि की है। फ्लाइट-ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक, विमान ने पहले 7700 कोड भेजा। यह सामान्य इमरजेंसी की स्थिति का संकेत होता है। इसके बाद विमान ने 7500 कोड भेजा, जिसका इस्तेमाल हाईजैक या विमान में अवैध हस्तक्षेप की स्थिति में किया जाता है। इस अलर्ट के बाद इजराइली सुरक्षा एजेंसियों ने विमान की निगरानी शुरू कर दी। हिब्रू मीडिया के मुताबिक, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री ने भी मामले को लेकर इमरजेंसी बातचीत की। फ्लाइट-ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक, विमान सऊदी अरब के ऊपर पहुंचने के बाद अपने तय रास्ते से मुड़ा। इस दौरान उसकी ऊंचाई भी तेजी से कम हुई। विमान करीब दो मिनट में 34 हजार फीट से 16,600 फीट की ऊंचाई पर आ गया। इसके करीब 12 मिनट बाद विमान से इमरजेंसी सिग्नल भेजा गया। कुछ समय के लिए फ्लाइट-ट्रैकिंग वेबसाइटों पर विमान की स्थिति दिखनी भी बंद हो गई थी।

विमान से मिले अलर्ट के बाद इजराइल में सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गईं। हिब्रू मीडिया के मुताबिक, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री ने भी मामले को लेकर इमरजेंसी बातचीत की। इस दौरान विमान की स्थिति और उसमें सवार यात्रियों को लेकर जानकारी जुटाई गई। इजराइली एयरफोर्स के फाइटर जेट भी विमान की तरफ भेजे गए थे।

पायलटों के बीच किस बात को लेकर हाथापाई हुई थी, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। फिलहाल इस मामले की जांच की जा रही है। विमान के सऊदी अरब में उतरने के बाद अधिकारियों को घटना की पूरी जानकारी जुटाने का मौका मिला है।



जिनपिंग के बॉडीगार्ड की पहचान उजागर

व्हाइट हाउस की गेस्ट लिस्ट में नाम-पद सामने आया, मोदी-जिनपिंग की बैठक में भी मौजूद थे

बीजिंग, एजेंसी

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ कई साल से एक अधिकारी विदेश दौरों और बड़ी बैठकों में नजर आता रहा है। वह कभी शी के पीछे खड़ा दिखा तो कभी उनके साथ मीटिंग में बैठा नजर आया। लेकिन चीन ने कभी सार्वजनिक तौर पर नहीं बताया कि वह कौन है और क्या जिम्मेदारी संभालता है। अब उसकी पहचान सामने आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शी जिनपिंग के सम्मान में पिछले हफ्ते अमेरिका में एक खास रात्रिभोज आयोजित किया था। इसमें शामिल चीनी मेहमानों की लिस्ट व्हाइट हाउस ने जारी की। इसी लिस्ट से पहली बार झोउ होंगशू का नाम और उनका पद सामने आया। होंगशू को सेंट्रल गार्ड ब्यूरो का डायरेक्टर बताया गया है। यह विभाग चीन के राष्ट्रपति और दूसरे बड़े नेताओं की सुरक्षा करता है। झोउ इसी महीने नई दिल्ली में शी



जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात के दौरान भी मौजूद थे। झोउ होंगशू के बारे में चीन में भी बहुत कम जानकारी सार्वजनिक है। उनकी पढ़ाई, शुरुआती नौकरी और पुराने पदों की पूरी जानकारी सामने नहीं आई है। 2022 में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की 20वीं बड़ी राष्ट्रीय बैठक हुई थी। इसमें झोउ होंगशू को भी प्रतिनिधि बनाया गया था। लेकिन तब भी उनकी पूरी प्रोफाइल सार्वजनिक नहीं की गई थी। चीन के पूर्व पार्टी अधिकारी देंग यूवेन ने CNN से कहा कि उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, झोउ ऐसे पहले बड़े सुरक्षा अधिकारियों में हो सकते हैं, जो इतने बड़े अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में लगातार नजर आए हैं।

आखिर इस अफसर की नौकरी इतनी सीक्रेट क्यों है?

इसकी एक बड़ी वजह वह संस्था है, जिसमें झोउ होंगशू काम करते हैं। सेंट्रल गार्ड ब्यूरो चीन की बेहद गोपनीय सुरक्षा संस्थाओं में से एक है। यह चीन के शीर्ष नेताओं की सुरक्षा करता है। यह बीजिंग के झोंगनानहाई परिसर की सुरक्षा से भी जुड़ा है। इसी परिसर में चीन के शीर्ष नेता और कम्युनिस्ट पार्टी के बड़े अधिकारी काम करते हैं।

चीन के सरकारी मीडिया ने इस ब्यूरो को पुलिस और सेना, दोनों से जुड़ी एक खास संस्था बताया है। यहां काम करने वाले अधिकारियों के लिए देश के शीर्ष नेतृत्व का भरोसा बेहद जरूरी माना जाता है।

यही वजह है कि इस संस्था में काम करने वाले अधिकारियों के बारे में बहुत कम जानकारी सार्वजनिक होती है। खासकर उन अधिकारियों की जानकारी और भी सीमित रहती है, जो सीधे शीर्ष नेताओं की सुरक्षा और कार्यक्रमों से जुड़े होते हैं।

2018 से अलग-अलग मौकों पर जिनपिंग के साथ दिखे

2018: चीन की सेना के नॉर्दर्न थिएटर कमांड के निरीक्षण के दौरान वह तत्कालीन सेंट्रल गार्ड ब्यूरो प्रमुख वांग शाओजुन के साथ नजर आए थे। दोनों ने उस समय सैन्य वर्दी पहन रखी थी।

2019: शी जिनपिंग जब नेपाल की तत्कालीन राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी से काठमांडू में मिले थे, तब भी झोउ उनके पीछे बैठे दिखाई दिए थे।

2023: सैन फ्रांसिस्को में हुए एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग यानी APEC समिट के दौरान भी वह शी के साथ नजर आए।

इन मौकों की वजह से यह अनुमान लगाया जाता रहा है कि झोउ का पुराना करियर चीन की सेना यानी PLA से जुड़ा रहा होगा। हालांकि उनके पुराने पदों की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

वॉट्सएप बिजनेस आज से फ्री नहीं रहेगा

डिलीवरी अपडेट्स, ऑर्डर कन्फर्मेशन पर चार्ज लगेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

1 अक्टूबर 2026 से वॉट्सएप बिजनेस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करने पर चार्ज लगेगा।अब तक के नियम के अनुसार, जब कोई ग्राहक किसी बिजनेस को मैसेज करता था, तो कंपनी अगले 24 घंटे के अंदर बिना कोई फीस दिए ग्राहक को जवाब दे सकती थी। यह बदलाव केवल API का इस्तेमाल करने वाले बड़े कारोबारों और कंपनियों पर लागू होगा। साधारण वॉट्एसप इस्तेमाल करने वाले आम लोगों और 'वॉट्सएप बिजनेस एप' चलाने वाले छोटे कारोबारियों के लिए यह सेवा पहले की तरह ही फ्री रहेगी।

कंपनियों को 30 सितंबर तक पेमेंट का तरीका अपने अकाउंट में जोड़ना होगा। ऐसा नहीं करने पर 1 अक्टूबर से उनके सर्विस मैसेज की डिलीवरी रोक दी जाएगी। ऑर्डर



और डिलीवरी अपडेट पर चार्ज: अब तक जब आप किसी कंपनी को मैसेज करते थे, तो अगले 24 घंटे में कंपनी आपको ऑर्डर कन्फर्मेशन, ट्रैकिंग लिंक या डिलीवरी डिटेल्स जैसे यूटिलिटी मैसेज फ्री में भेज पाती थी। अब मैसेज भेजने पर कंपनियों को फीस देनी होगी।

मुफ्त जवाब देने की तय सीमा: ग्राहकों के सवालों के जवाब यानी सर्विस मैसेज देने के लिए कंपनियों को हर महीने प्रति वॉट्सएप नंबर सिर्फ 1,000 मैसेज ही फ्री मिलेंगे। यह लिमिट खत्म होते ही कंपनी को हर मैसेज का चार्ज देना होगा।

ऑप्शन: एपल पे भारत में लॉन्च, एक्सिस बैंक पहला पार्टनर बना

आईफोन-एपल वॉच से बिना पिन-ओटीपी पेमेंट कर सकेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

एपल ने भारत में अपनी डिजिटल पेमेंट सर्विस 'एपल पे' को लॉन्च कर दिया है। साथ ही आईफोन और एपल वॉच यूजर्स के लिए कार्डलेस और कॉन्टैक्टलेस पेमेंट का नया ऑप्शन भी अवेलेबल हो गया है। इसके जरिए यूजर्स बिना PIN-OTP पेमेंट कर सकेंगे। एपल की इस सर्विस के लिए एक्सिस बैंक पहला पार्टनर बना है। शुरुआत में इसके तहत एक्सिस बैंक के वीजा और मास्टरकार्ड क्रेडिट कार्ड्स को सपोर्ट दिया जा रहा है। कंपनी के मुताबिक, एपल पे के जरिए यूजर्स अपने एलिजिबल क्रेडिट कार्ड्स



को एपल वॉलेट एप में जोड़कर खरीदारी कर सकेंगे। भारत में शुरुआती फेज में यह सर्विस हजारों मर्चेंट्स पर अवेलेबल होगी। आने वाले समय में अन्य बैंकों, नेटवर्क और मर्चेंट एप्स को भी इससे जोड़ा जाएगा। एक्सिस बैंक के एलिजिबल वीजा और मास्टरकार्ड क्रेडिट कार्ड होल्डर अपने कार्ड को एपल वॉलेट में आसानी से जोड़ सकते हैं।

सिस्टम रिक्वायरमेंट्स: किन डिवाइसों में चलेगा?

- एपल पे का इस्तेमाल करने के लिए यूजर्स के पास iOS 18 या उससे नए सॉफ्टवेयर वर्जन पर चलने वाला आईफोन XR या उससे बाद का मॉडल होना जरूरी है।
- वहीं एपल वॉच यूजर्स के लिए वॉचओएस 11 या उससे नए वर्जन पर चलने वाली एपल वॉच सीरीज 6 या उससे नया मॉडल होना चाहिए, जो आईफोन XR या नए मॉडल से कनेक्टेड हो।
- एपल पे वर्तमान में दुनिया भर के 90 से ज्यादा देशों में अवेलेबल है, जिसके 11,000 से ज्यादा बैंक और नेटवर्क पार्टनर हैं।

क्या होता है 'टोकनाइजेशन' और 'सिक्योर एलिमेंट'?

एपल पे में जब आप कार्ड ऐड करते हैं, तो आपका 16 अंकों का असली कार्ड नंबर मर्चेंट या डिवाइस में सेव नहीं होता। इसकी जगह एल्गोरिदम एक रैंडम कोड यानी 'टोकन' यानी डिवाइस अकाउंट नंबर बनाता है। यह डेटा फोन की स्पेशल सिक्योरिटी चिप 'सिक्योर एलिमेंट' में एन्क्रिप्टेड रहता है। पेमेंट के वक्त यही टोकन शेयर होता है, जिससे कार्ड का डेटा कभी भी हैक होने का खतरा नहीं रहता।

अमेरिका में 2 भारतीयों पर नकली दवा बेचने का आरोप

चीन से मंगाते थे वजन घटाने की दवा, 71 साल की सजा हो सकती है

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में वजन घटाने के लिए इस्तेमाल होने वाली दवा ओजेम्पिक की नकली दवा बेचने के आरोप में दो भारतीय नागरिकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों चीन से कम कीमत पर नकली ओजेम्पिक मंगाते थे और फिर इसे अमेरिका में डिस्ट्रीब्यूटर्स को बेचते थे। दोष साबित होने पर दोनों को अलग-अलग आरोपों में अधिकतम 71 साल तक की जेल की सजा हो सकती है। अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (FDA) ने ओजेम्पिक को 2017 में टाइप-2 डायबिटीज के इलाज के लिए मंजूरी दी थी। जांच में सामने आया कि नकली दवा की पैकिंग को इस तरह तैयार किया गया था कि वह बिल्कुल असली ओजेम्पिक



अमेरिकी एफडीए ने ओजेम्पिक को 2017 में टाइप-2 डायबिटीज के इलाज के लिए मंजूरी दी थी।

जैसी दिखाई दे। इसके बॉक्स, दवा की जानकारी वाली पर्ची, इंजेक्शन पेन का लेबल और यहां तक कि सुई भी असली दवा जैसी थी। इसका मकसद यह था कि खरीदारों को दवा नकली होने का पता न चले और उन्हें लगे कि वे कंपनी की असली दवा खरीद रहे हैं। दोनों आरोपियों की पहचान स्वप्नदीप रॉय और विक्की रमनचा के रूप में हुई है। अमेरिकी दवा नियामक एफडीए ने दिसंबर 2023 में नकली ओजेम्पिक की कुछ खेप पकड़ी थी। इसके बाद लोगों को नकली दवा से सावधान रहने की चेतावनी भी दी गई थी। अमेरिकी अधिकारियों का आरोप है कि इसके बावजूद दोनों आरोपी नकली दवा की बिक्री में शामिल रहे। एक आरोपी के खिलाफ इंटरपोल का रेड नोटिस जारी हुआ था अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, स्वप्नदीप रॉय को इटली में गिरफ्तार किया गया था। उसके खिलाफ इंटरपोल का रेड नोटिस भी जारी हुआ था।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96